वर्ष 23, अंक 235, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 19 सितम्बर 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**शीतकालीन सत्र में बिल लेकर आएगी सरकार**

# वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी



**नई दिल्ली:**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान एक राष्ट्र, एक चुनाव की वकालत करते हुए तर्क दिया था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधाएं पैदा करते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही खबर यह भी है कि शीतकालीन सत्र के दौरान इसको लेकर सरकार एक विधेयक पेश करेगी। आपको बता दें कि सरकार ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी जिसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल थे। अब रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। ऐसे में इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि 2029 तक सरकार और देश वन नेशन वन इलेक्शन कर बढ़ सकता है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन के दौरान 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की वकालत करते हुए तर्क दिया था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधाएं पैदा करते हैं। उन्होंने ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्ल का जिक्र करते हुए कहा कि इस बारे में देश में व्यापक चर्चा हुई है, सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं और इसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट भी तैयार की है।
उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए देश को आगे आना होगा। मैं लाल किले से देश के राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं, देश के संविधान को समझने वाले लोगों से आग्रह करता हूं कि भारत की प्रगति के लिए, भारत के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, वन नेशन, वन इलेक्शन के सपने को साकार करने के लिए आगे आएं।

## जम्मू-कश्मीर में मतदाता लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने के इच्छुक हैं: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर। जम्मू**-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बुधवार को मतदाताओं में दिख रहे उत्साह का स्वागत करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मतदाता अपने लोकतांत्रिक मतदान अधिकार का प्रयोग करने के लिए पिछले 10 वर्षों से बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।
उमर ने यहां बुधवार को संवाददाताओं से कहा, यह अच्छी बात है कि लोग सुबह से ही वोट देने के लिए अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। नेकां उपाध्यक्ष ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, इस दिन का लोग पिछले 10 साल से इंतजार कर रहे थे। हम समझ नहीं पा रहे हैं कि लोगों को उनके लोकतांत्रिक अधिकार से क्यों दूर रखा गया ।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एमएनआईटी के 18वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं

## गरीबों को दो कमरे का मकान, महिलाओं को हर माह दो हजार, 2 लाख रोजगार... हरियाणा में जारी हुआ कांग्रेस का गारंटी पत्र

**हरियाणा**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस दौरान कहा कि हम 7 गारंटियों की घोषणा कर रहे हैं जिन्हें हम हरियाणा में सरकार बनने पर पूरा करेंगे। हमने अपने 7 वादों को 7 खंडों में बांटा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर महीने 2000 रुपये दिए जाएंगे।
हरियाणा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने सात गारंटी की घोषणा की। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और जातिगत सर्वेक्षण भी शामिल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस दौरान कहा कि हम 7 गारंटियों की घोषणा कर रहे हैं जिन्हें हम हरियाणा में सरकार बनने पर पूरा करेंगे। हमने अपने 7 वादों को 7 खंडों में बांटा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर महीने



2000 रुपये दिए जाएंगे। हम गैस सिलेंडर के लिए हर महीने 500 रुपये देंगे। बुजुर्गों के लिए पेंशन, विशेष रूप से विकलांगों के लिए पेंशन और विधवाओं के लिए पुरानी पेंशन योजना के अनुसार पेंशन को पूरी तरह से लागू किया जाएगा और प्रत्येक श्रेणी को पेंशन राशि के रूप में 6000 रुपये मिलेंगे। हम युवाओं को 2 लाख स्थाई नौकरियाँ देंगे। इसके साथ ही खड़गे ने ऐलान किया कि हर घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। गरीबों को 100 वर्ग गज का प्लॉट और निर्माण लागत के रूप में 3.5 लाख रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश के किसानों को एमएसपी की गारंटी देते हैं। हम जातीय जनगणना भी कराएंगे। हरियाणा कांग्रेस प्रमुख उदय भान ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार 18 साल से ऊपर की हर महिला को सशक्त बनाने के लिए 2000 रुपये प्रति माह देगी। 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर। वरिष्ठ नागरिकों को 6,000 रुपये पेंशन। पुरानी पेंशन योजना बहाल की जायेगी।
उन्होंने कहा कि 2 लाख खाली सरकारी नौकरियां भरी जाएंगी। हरियाणा को नशा मुक्त बनाया जाएगा। चिरंजीवी योजना की तर्ज पर 25 लाख रुपये का मुफ्त इलाज कराया जाएगा। बिजली की 300 यूनिट मुफ्त। गरीब परिवारों को 100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे।

## 'पहले जमीनें बेची सौदेगारों को, अब खुश करेंगे रिश्तेदारों को'- दुष्यंत

**हरियाणा**
**हरियाणा** विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग से पहले जमकर प्रचार-प्रसार हो रहा है. इसी बीच जेजेपी नेता व पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने लिखा कि पहले जमीनें बेची सौदेगारों को, अब खुश करेंगे रिश्तेदारों को, फिर पेट भरेंगे ये सब अपना, नौकरियां देंगे सिर्फ. यारों को.
दरअसल, असंध से कांग्रेस उम्मीदवार शमशेर सिंह गोगी और फरीदाबाद एनआईटी से कांग्रेस उम्मीदवार नीरज शर्मा के बयान पर उन्होंने निशाना साधा है.
क्या बोले थे शमशेर सिंह गोगी और नीरज शर्मा?
बता दें कि जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने असंध से कांग्रेस उम्मीदवार शमशेर सिंह गोगी और फरीदाबाद एनआईटी से कांग्रेस उम्मीदवार नीरज शर्मा का वीडियो भी पोस्ट किया है. जिसमें शमशेर सिंह गोगी एक जनसभा को संबोधित करते हुए कह रहे है कि सरकार आने पर असंध का हिस्सा भी होगा. सरकार आने पर पहले अपने रिश्तेदारों को खुश करेंगे जो हमारी मदद कर रहे हैं, जो भाईचारे में आ रहे हैं उसकी मदद करेंगे,



लेकिन पहले अपना घर तो भरेंगे ही. इसलिए सरकार में पड़ने के लिए चुनाव जीतना जरूरी है.
वहीं फरीदाबाद एनआईटी से कांग्रेस उम्मीदवार नीरज शर्मा के वीडियो में साफ तौर सुना जा सकता है जिसमें वे कह रहे है भूपेंद्र सिंह हुड्डा सरकार आने पर दो लाख नौकरियां देंगे, इसमें से दो हजार नौकरियों का कोटा हमें मिलेगा. जिस गांव से जितनी ज्यादा वोट मिलेगी उतनी ज्यादा नौकरी मिलेगी.
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी घेरा
वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी असंध से कांग्रेस उम्मीदवार शमशेर सिंह गोगी का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है. जिसपर उन्होंने लिखा कि कांग्रेस मैनिफेस्टो का दूसरा वादा, पहले अपना घर भरो बाद में कुछ बच जाए तो जनता के लिए करो. वहीं कांग्रेस उम्मीदवार नीरज शर्मा का वीडियो शेयर करते हुए ।

## उदयनिधि स्टालिन होंगे डिप्टी सीएम! तमिलनाडु में अटकलों का दौर, अब युवा नेता ने खुद दी सफाई

**तमिलनाडु**
**रिपोर्टों** में दावा किया गया है कि उन्हें उपमुख्यमंत्री पद पर पदोन्नत किए जाने की संभावना है। इससे पहले, एमके स्टालिन ने इस महीने की शुरूआत में अमेरिका की यात्रा पर जाने से पहले उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री पद पर पदोन्नत करने का संकेत दिया था।
डीएमके नेता और तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने आने वाले दिनों में उन्हें तमिलनाडु का उपमुख्यमंत्री नियुक्त किए जाने की



खबरों को अफवाह बताते हुए खारिज कर दिया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन वर्तमान में राज्य के खेल और युवा कल्याण मंत्री हैं। हालांकि, रिपोर्टों में दावा किया गया है कि उन्हें उपमुख्यमंत्री पद पर पदोन्नत किए जाने की संभावना है।

## आतिशी 21 सितंबर को ले सकती हैं सीएम पद की शपथ



**नई दिल्ली:**
**अरविंद** केजरीवाल के सीएम पद से इस्तीफे के बाद अब दिल्ली में आतिशी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की नई सरकार बनने जा रही है. सूत्रों के मुताबिक 21 सितंबर (शनिवार) को आतिशी दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकती हैं. दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने राष्ट्रपति और गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर 21 सितंबर 2024 को आतिशी को सीएम पद की शपथ दिलाने की तिथि प्रस्तावित की है. हालांकि आतिशी द्वारा शपथ ग्रहण की कोई तिथि प्रस्तावित नहीं की गई है ।

**अखिलेश यादव के मठाधीश और माफिया वाले बयान पर सीएम योगी का पलटवार!**

# 'औरंगजेब की आत्मा आ गई'

**उत्तर प्रदेश:**
**उत्तर** प्रदेश स्थित गाजियाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बड़ा जुबानी हमला बोला है. सीएम ने सपा चीफ के मठाधीश और माफिया वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी है.
राहुल और अखिलेश के संदर्भ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में दो लड़को की जोड़ी लूटने के लिए आई है. इन लोगों ने सत्ता का दुरुपयोग किया है. जनता का



भरोसा तोड़ा है.जैसे भस्मासुर ने किया था.
सीएम योगी ने कहा कि ये लोग किसानों का आत्महत्या करने पर मजबूर करते थे. इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा आ चुकी है. उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में औरंगजेब की आत्मा आ गई है.सपा सरकार में माफियाओं का बोल-बाला था और ये साधु महंतों को माफिया कहते हैं.
बीते दिनों एक प्रेस वार्ता के दौरान अखिलेश यादव ने कहा था कि मठाधीश और माफिया में कोई फर्क नहीं होता. उन्होंने कहा था कि जिसकी सोच नकारात्मक हो और जिसका दिल और दिमाग नकारात्मक हो, वह विनाश ही कर सकता है, विकास नहीं कर सकता।

## जम्मू कश्मीर की जनता में जोश, 10 साल बाद बढ़ चढ़कर मतदान करने निकले मतदाता



**जम्मू कश्मीर**
**केंद्र** सरकार ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। इसके बाद जम्मू कश्मीर को राज्य की जगह दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख में विभाजित किया था। इस कदम के बाद जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो रहे है।
जम्मू कश्मीर में पहले चरण के विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो रहे है। पहले चरण के मतदान में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया है। जम्मू कश्मीर में 10 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद हो रहे मतदान को लेकर मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें दिखी है। जम्मू कश्मीर में जब से केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किया है, उसके बाद पहली बार केंद्र शासित प्रदेश में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। इस चरण में सात जिलों में 24 सीट पर मतदान हुआ। केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद और पिछले 10 वर्षों में जम्मू कश्मीर में यह पहला विधानसभा चुनाव है।
गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। इसके बाद जम्मू कश्मीर को राज्य की जगह दो केंद्र शासित प्रदेशों- जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख में विभाजित किया था।
इस कदम के बाद जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हो रहे है। अधिकारियों के अनुसार, मतदान शुरू होने के पहले दो घंटे में 11.11 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों की मानें तो महिलाएं और बुजुर्ग मतदाता सुबह ही मतदान केंद्रों पर पहुंचे और मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते दिखे।

# हिजबुल्लाह पर चला 3 इंच का पेजर बम

### किसी का हाथ तो किसी का पैर उड़ा, किसी की आंख तो किसी का धड़... हजारों पेजर धमाकों से यूं मची तबाही!

**लेबनान**
**लेबनान** में हुए पेजर बम धमाकों को लेकर हाल ही में बड़ा खुलासा हुआ है. रॉयटर्स ने लेबनान के वरिष्ठ सुरक्षा सूत्र के हवाले से दावा किया कि इजरायली एजेंसी मोसाद ने इन पेजर्स में विस्पोटक लगाया गया था. रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंगलवार को जिन पेजर में विस्फोट हुआ था उन्हें महीनों पहले ऑर्डर किया गया था. इस तरह के 5,000 पेजर ताइवान में बनाए गए थे और सभी पेजर में थोड़ा-थोड़ा विस्फोटक था.
इस तरह के एक-एक पेजर में तीन ग्राम विस्फोटक रखा गया था. ये साजिश महीनों से चल रही थी. बता दें लेबनान के बड़े सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक हिजबुल्लाह ने ताइवान स्थित गोल्ड अपोलो को 5,000 बीपर का ऑर्डर दिया था. ये 3 इंच का पेजर बम था. ऐसे में सवाल ये उठता है कि क्या इससे छोटा बम भी बनाया गया है? चलिए जानते हैं.
यह भी पढ़ेंः टाइटैनिक का मलबा देखने के लिए कितने पैसे करने होते हैं खर्च, जानें सबसे पहले कहां करना होता है अप्लाई
पेजर बम होता क्या है?
बता दें पेजर बम एक खास तरह का विस्फोटक है जो छोटे आकार में बहुत ही विनाशकारी प्रभाव डाल सकता है. 3 इंच का ये बम आकार में बहुत छोटा है, लेकिन इसके प्रभाव में कोई कमी नहीं है. यह तकनीक में प्रगति उदाहरण है, जिसमें




छोटे बम को बहुत सटीकता और विनाशकारी क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है. पेजर बम का इस्तेमाल अक्सर असामान्य और अप्रत्याशित तरीकों से किया जाता है. यह एक साधारण उपकरण के रूप में दिख सकता है, लेकिन जब यह सक्रिय होता है, तो इसके प्रभाव बेहद खतरनाक होते हैं.
दुनिया का सबसे छोटा बम
इस निर्णय से एमके 82 (वजन 227 किलोग्राम) हाल ही तक अमेरिकी सेना के साथ सेवा में सबसे छोटा विमान बम बन गया.
हालांकि एमके 82 का नाममात्र वजन 227 किलोग्राम है, यह कई विन्यासों में आता है, जिनमें से प्रत्येक में थोड़ा अलग विस्फोटक भराव और मार्गदर्शन इकाइयां हैं।

# युवाओं के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार मिलकर कर रही है कार्य : राज्य मंत्री

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गंगापार द्वारा कसेरुआ खुर्द गांव की बाग में बुधवार को आयोजित युवा समागम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने युवा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार एक साथ मिलकर कार्य कर रही है। प्रदेश के करीब 6.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दिया गया है। प्राइवेट सेक्टर में मुख्यमंत्री ने खजाना खोल दिया है। करीब 2 करोड लोगों को रोजगार देने का काम भी किया है। कार्यक्रम को खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा मंत्री व फूलपुर विधानसभा प्रभारी राकेश सचान ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि



आज बहू और बेटियां पूरे सम्मान के साथ सड़कों पर चल रही हैं। गुंडे व माफिया प्रदेश से गायब हो गए हैं। सभी जगह विकास कार्य दिखाई दे रहा है। चारों तरफ काम ही काम हो रहा है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार उनके साथ है। उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि 2017 में योगी जी की सरकार आने के बाद बिजली 18 घंटे आ रही है। हैंडपंप के स्थान पर सभी गांव में स्वच्छ पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है। कार्यक्रम के शुरूआत में भाजपा नेता विक्रम सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष नवीन पटेल, ज्ञान सिंह, पुष्कर सिंह, ठाकुर सत्यम सिंह, अजीत मिश्रा, अधिवक्ता मनीष कुमार तिवारी, अमन सिंह राजपूत, अंजनी कुमार त्रिपाठी, पीयूष मिश्रा, आदर्श पांडे आदि लोगों के द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गंगापार कविता पटेल, जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, फूलपुर ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र सिंह पटेल, करन सिंह पटेल, अमरनाथ यादव, अमरनाथ तिवारी, अश्वनी दुबे, सत्यम मिश्रा हिंदू, शिव नारायण सिंह गप्पू , टीएन सिंह, डालडा सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## बीडीओ मांडा ने स्वच्छता अभियान के तहत लोगो को किया जागरूक

**मांडा।** ब्लॉक परिसर में खंड विकास अधिकारी अमित मिश्र की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान के तहत लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान बीडीओ अमित मिश्र ने कहा स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है और हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए काम करना चाहिए। एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय ने कहा,महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए हमें स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करना होगा। हमें अपने गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए काम करना होगा। बीडीओ अमित मिश्र और एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय की संयुक्त पहल ने इस अभियान को नई ऊर्जा दी है और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया है। इस अवसर पर लोगों ने स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहने, श्रमदान करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए ब्लॉक परिसर से कूड़ा संग्रह वाहन को हरी झंडी दिखाकर गांवों के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सचिव बिजेंद्र शुक्ला, संजीव कुमार, संदीप कुमार, तेजबहादुर पटेल, प्रदीप मौर्या, आदि उपस्थित रहे।

# नैनी में नम आंखों से गणेश जी का विसर्जन किया गया

### गणेश महोत्सव विसर्जन के दौरान ढोल नगाड़े की धुन पर जमकर थिरके बारिश में भीगते हुए भक्तगण

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के शंकरढाल के निकट खुराना मार्केट में चल रहे गणेश उत्सव सुबह से हो रही बारिश में भी गणपति जी का विसर्जन भक्तों ने नम आंखों से किया भगवान श्री गणपति की विदाई मंगलवार सुबह से ही उनके भक्तों को बहाल कर दिया। महाकाल ग्रुप गणेश महोत्सव ने पूरे भक्तगणों के साथ बप्पा से ये वादा लिया कि अगले वर्ष वो जल्दी आएगे और सब पर पूरे साल भर ऐसे ही कृपा लुटाते रहेंगे। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्यार के साथ भगवान श्री गणेश जी की विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरात एवं आरती हुई। तत्पश्चात उन्हें नम ऑखों के साथ विदा किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राजेश साहू ने बताया कि



हर वर्ष की तरह इस बार भी विध्नहत्ता भगवान श्री गणेश की हर्षो उल्लास एवं नम अखो के साथ विदाई की गई। विध्नहर्ता हमेशा सभी की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं और उनके कष्ट को हरते हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष गणेश महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होता रहा हैं। अगली बार इससे भी भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप सेसमाजसेवी राजेश साहू, विनय सिंह, मोनू सिंह, सुनील जायसवाल, संजय मिश्रा, डॉ संदीप पाल, लकी, विनोद केसरवानी, टुनटुन पांडे, अमित सिंह, पप्पू साहू, विशाल गुप्ता, विकास गुप्ता, रितेश गुप्ता, विजय गुप्ता, रजत द्विवेदी, राजा केसरवानी, संजू विश्वकर्मा आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता से औता पावर हाउस के उपभोक्ता परेशान

### कहा - यदि शीघ्र विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो उपभोक्ता सड़क पर उतर करेंगे आंदोलन

**मेजा।** बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी इन दिनों बेलगाम हो गए हैं। मेजा के औता पावर हाउस में बिजली कटौती तेजी से बढ़ गई जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। क्षेत्र के औता,सोनार का तारा और उसके आसपास के क्षेत्र में आए दिन से बेतहाशा बिजली कटौती के चलते आम जनता का जीना मुहाल हो गया है बिजली बिभाग के कर्मचारियों द्वारा सप्लाई के दौरान बार-बार बिजली की ट्रिपिंग की जाती है लो वोल्टेज की समस्या भी बराबर बनी हुई है जिससे विद्युत उपकरण ठीक से काम नही कर रहे हैं। औता और उसके आसपास क्षेत्र में बिभाग के रोस्टर के अनुसार से विद्युत सप्लाई विभाग नहीं दे रहा है जबकि गर्मी के इस मौसम में उपभोक्ता काफी परेशान हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि शिकायत के बाद बिजली विभाग के अधिकारी बिजली सप्लाई को बहाल नहीं कर रहे हैं जिसको लेकर विद्युत उपभोक्ता में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में उपभोक्ताओं का कहना है कि मेजा क्षेत्र में बिजली विभाग के एक्शन एक्शियन,एसडीओ और जेई सिर्फ लोगों को परेशान कर प्रायः धन उगाही के काम में लगे हुए हैं। लेकिन उच्चाधिकारी इस पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जबकि प्रदेश सरकार विभाग को नियमित 18 घंटे विद्युत आपूर्ति करने को कड़े निर्देश जारी कर रखा है। ऐसे में बिजली कटौती क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्षेत्रीय उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि तत्काल बिजली आपूर्ति शीघ्र ही बहाल नहीं की गई तो क्षेत्र के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। जिसकी जिम्मेदार बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की होगी।

# मेजारोड बाजार में एटीएम बदल कर उचक्कों ने 25 हजार उड़ाया, जांच में जुटी पुलिस

**मेजा।** मेजारोड पुलिस चौकी से महज सौ मीटर की दूरी पर एलआईसी आफिस के समीप एटीएम से पैसा निकालने गए एक व्यक्ति की आंखों में धूल झोंककर एटीएम कार्ड बदलकर तीन बार में 25 रुपए उड़ा दिए। पीड़ित कमलेश मिश्र ने आनन फानन में 112 पुलिस को फोन से सूचना दी। मौके पर डायल 112 पुलिस के साथ इलाकाई चौकी पुलिस भी पहुंची और छानबीन में जुट गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के बीरपुर शुक्लपुर गांव निवासी कमलेश मिश्रा पुत्र उमाशंकर मिश्र ने मेजा पुलिस को दी गई तहरीर में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा कि वह बुधवार को दोपहर मेजारोड बाजार के भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के बगल स्थित हिटाची एटीएम में पैसा निकालने गया था। बताते हैं कि वह एटीएम कक्ष में जैसे ही प्रवेश किया तभी तीन अज्ञात

**पीड़ित कमलेश मिश्रा ने मेजा पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की लगाई गुहार**




लोग आए और अपनी बातों में उलझाकर झांसा देकर उसका एटीएम कार्ड बदल रफू चक्कर हो गए। इस संबंध में पीड़ित की बातों को सच माना जाय तो उसके अनुसार कुछ ही देर में तीन बार में उसके एटीएम से करीब 25 हजार रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित ने बताया कि रुपया निकलने की जानकारी जैसे ही उसे हुई तत्काल डायल 112 पुलिस को फोन कर बुलाया। मौके पर 112 पुलिस के साथ साथ मेजारोड चौकी पुलिस भी पहुंच गई और मौका मुआयना कर छानबीन में जुट गई। फिलहाल पीड़ित कमलेश मिश्रा ने मेजा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि मेजारोड बाजार में एटीएम कार्ड बदलकर रुपए उड़ानें का मामला कोई नया नहीं है। इसके पूर्व भी उचक्कों ने कई बार एटीएम कार्ड बदलकर रुपए उड़ा चुके हैं किंतु चौकी पुलिस फिर भी बाजार में लगे एटीएम के प्रति गंभीर नहीं हुई।वैसे यदि देखा जाय तो मेजारोड बाजार में ही स्थित पुलिस चौकी में तैनात पुलिस कर्मी अपना वजूद चोर उचक्कों के हवाले कर दिया है कभी बड़ी बड़ी चोरियां तो कभी लूट छिनौती और अब एटीएम को भी उचक्के निशाना बना रहे हैं। ऐसे में दहशत और खौफ में माहौल में जी रहे व्यवसाई इस बात से बेहद परेशान हैं कि मेजारोड चौकी से महज कुछ ही दूरी पर चोर उचक्के बेखौफ वारदात कर रहे हैं आखिरकार चौकी में तैनात पुलिस वाले कहां सोते रहते हैं कि उन्हें भनक नहीं लगती है।

## न्यूज झरोखा

### मांडा बीडीओ को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, नारे बाजी

**मांडा।** अपनी विभिन्न लंबित मांगों व उत्पीड़न से नाराज रोजगार सेवकों ने बुधवार को मांडा विकास खंड में धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सम्बोधित छः सूत्री मांग पत्र खंड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्रा को सौंप कर



कार्रवाई की मांग की। इस दौरान रोजगार सेवकों ने नारेबाजी करते हुए पुरजोर तरीके अपने नियमितीकरण का मुद्दा भी उठाया। ब्लाक अध्यक्ष लक्ष्मी शंकर यादव ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवक पिछले 18 वर्ष से सेवारत रहकर उपेक्षित हैं। आठ वर्षों से ईपीएफ की धनराशि भी यूएएन खाते में नहीं जमा की गई है। समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण न होने पर 30 सितम्बर को जनपद मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी देते हुए कहा की संगठन के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार के नेतृत्व में आंदोलन की रूपरेखा बन चुकी है, अब निर्णायक लड़ाई के लिए रोजगार सेवक कमर कस चुके हैं। इस मौके पर भोलानाथ पांडेय तकनीकी सहायक,संतोष कुमार,दिनेश कुमार पांडेय ,कंप्यूटर ऑपरेटर महेश कुमार गौड़, रवि शंकर यादव, मिश्रीलाल पटेल, संतोष कुमार बिंद, अवधेश कुमार, अभय राज, प्रेम कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

### खानपुर में नूरी मदीना कमेटी के नेतृत्व में धूमधाम से मना ईद मिलादुन्नसी का जलसा

**मेजा।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नूरी मदीना कमेटी खानपुर के नेतृत्व में ईद मिलादुन्नबी का जलसा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के तमाम मुस्लिम और हिंदू समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारा की मिसाल पेश



करते हुए जलसा में शामिल हुए। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद शहर उर्फ छोटू, उपाध्यक्ष मुस्तकीम, सलाहकार करीयउ, बनारसी, लल्लन, अतीक,जावेद,फरमान, दिलबहार, तथा मुश्ताक अली सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सांसद ने बांटा मरीजों को फल

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वां जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने सेवा फगवाड़ा चलाकर अस्पतालों में भर्ती मरीजों



व उनके परिजनों में फल एवं पौष्टिक आहारों का वितरण किया। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल एवं जिला अध्यक्ष गंगापार कविता पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनी में पहुंचकर अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती मरीजों व उनके साथ परिजनों को सेवा भाव के साथ पौष्टिक फल का वितरण किया एवं मरीजों का हाल-चाल भी जाना। तथा स्वास्थ्य केन्द्र में रख रखाव एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था के बारे में जानकारी भी हांसिल किया। इस अवसर पर गंगापार जिला उपाध्यक्ष किरन त्रिवेदी एवं अनिरुद्ध सिंह पटेल, स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉक्टर मनीष कुमार, टी एन सिंह, राकेश सिंह, पुष्कर सिंह, रजनीश पांडे एव रविंद्र सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### मऊआइमा पुलिस ने दस वारंटियों को किया चालान

**मऊआइमा।** पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से दस वारंटियों को हिरासत में ले कर चालान भेज दिया। मऊआइमा क्षेत्र के मोहन का पूरा निवासी विनोद कुमार,बुल्ले पासी,धरौता के त्रिवेणी प्रसाद,खोजापुर के मसूरिया,गमरहटा के पप्पू, मुन्ना राम लाल,तथा ग्राम बसदेहया के शम्भू लाल,गदियानी के संतोष कुमार, घूरघाट के अनीस को जारी वारंट पर चालान भेज दिया है।

### सहसों में रामलीला का मंचन 5 अक्टूबर से नई कमेटी गठित

**सहसों।** रामलीला के सुंदर मंचन के लिए आदर्श रामलीला कमेटी सहसों की बैठक बुलाई गई जिसमें नई कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के प्रबंधक अनुराग सिंह अन्नू ने बताया कि रामलीला का मंचन सुंदर अनुभवी पात्रों द्वारा 5 अक्टूबर को कर्ण घोड़ा निकालकर शुरु होगा तथा 6 अक्टूबर को मुकुट पूजन, 17 अक्टूबर को राम रावण युद्ध व दशहरे का मेला एवं 18 अक्टूबर को भारत मिलाप की लीला मंचन से संपन्न होगी। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार केसरवानी, उपाध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी, जय कृष्ण सोनी, दिनेश केसरवानी, मनोज तिवारी, महामंत्री विजय कुमार केसरवानी, मंत्री दिलीप केसरवानी प्लाई व अन्य, कोषाध्यक्ष शिव बाबू केसरवानी, सचिव श्याम बाबू मोदनवाल व राजेंद्र केसरवानी बबलू , उप प्रबंधक पिंटू केसरवानी, अंशू केसरवानी, विशाल सोनी, मीडिया प्रभारी जयेश केसरवानी व शिवम केसरवानी, मंच व्यवस्थापक नरेंद्र केसरवानी, राम गोपाल, फुलचंद्र साहू एवं कमेटी के संरक्षक राम विशाल सिंह, अनिरुद्ध सिंह पटेल, कैलाश चंद्र केसरवानी, आशीष केसरवानी, चंद्रेश केसरवानी, धरणीधर द्विवेदी, मानसिंह यादव, विष्णु केसरवानी, कलेक्टर पांडे एवं सिद्ध नारायण सहित गांव के आदि संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# ईपीएफ व बकाया मानदेय सहित अन्य मांगों को लेकर रोजगार सेवकों ने दिया धरना

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** ईपीएफ व नियमितिकरण के साथ ही अन्य मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों ने बुधवार को फूलपुर ब्लाक में धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए अपनी आवाज बुलंद की। इस दौरान रोजगार सेवकों ने नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी को सम्बोधित सात सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ को सौंपा। रोजगार सेवकों को आईडी पासवर्ड देने, स्टेशनरी का भुगतान करने व नियमितिकरण की मांग से सम्बंधित सात सूत्रीय मांगों का अविलंब निराकरण न होने पर रोजगार सेवकों ने आर- पार की लड़ाई लड़ने की बात कही। ब्लाक अध्यक्ष नूरूद्दीन हाशमी ने कहा की 19 वर्षों से गांव के विकास में अपनी उम्र गंवा देने वाला रोजगार सेवक आज बदहाली की जिंदगी जीने को विवश है। वहीं मंडल अध्यक्ष विजय चन्द्र विश्वकर्मा ने बताया की अल्प

**जिलाधिकारी को सम्बोधित सात सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ को सौंपा**




मानदेय में काम कर रहे रोजगार सेवकों को नियमित मानदेय नहीं दिया जा रहा है। जिससे रोजगार सेवक इस मंहगाई में अपना व अपने परिवार का भरण-पोषण करने में असमर्थ है। जिला मीडिया प्रभारी हरिओम प्रकाश ने बताया की 4 अक्टूबर 2021 को लखनऊ के मनरेगा सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा एच आर पालिसी लागू करने के साथ ही रोजगार सेवकों के हित में अन्य घोषणाएं की गई थी परन्तु तीन वर्ष की लम्बी अवधि के बाद भी उसे लागू न करना निराशाजनक है। उक्त समस्याओं को लेकर संगठन जिला अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में 30 सितम्बर को जनपद मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी का घेराव करेगा।बीडीओ एच पी वर्मा ने ज्ञापन को जिलाधिकारी तक पहुंचाने का आश्वासन देते हुए कहा की निश्चित तौर पर रोजगार सेवक विकास की एक कड़ी है। उनकी जायज मांगों को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। मौके पर रोजगार सेवक अजय गुप्ता, प्रवीण सिंह,संगम लाल यादव, सुरेश चन्द्र,बसंत कुमार, शिवबहादुर ,राहुल देव,अनिल कुमार,कोमल चौरसिया,पिंटू,कोमलम सरोज,राजेश पाल,प्रभाकर, मनोज रजक,भारत लाल पटेल,संदीप यादव सहित दर्जनों की संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## खेत में जाकर समझाया जिंक के प्रयोग का महत्व



**बारा।** खेत-खलिहानों ने हरे रंग की चादर ओढ़ ली है। बीच-बीच में हुई बरसात ने धान के खेतों का रंग धानी (गाढ़ा हरा) कर दिया है। अगैती किस्में लंबाई खींच रही हैं। किसान भी बीच-बीच में खेतों में यूरिया आदि से टॉपअप कर रहा है। बुधवार को बारा क्षेत्र के टिकरी कला में किसानों को जिंक के प्रयोग की जानकारी दी गई। जलोदारी महिला एग्रो किसान संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा धान की फसल में जिंक का कितना और कब प्रयोग करना है, किसानों को खेत में जाकर समझाया गया है। विशेषज्ञों ने समझाया कि शाखा युक्त पौधों की मजबूती के लिए जिंक कितना फायदेमंद है। समय-समय पर की जाने वाली इस तरह की देखभाल से न सिर्फ उत्पादन में इजाफा होगा, बल्कि कई प्रकार के रोगों से भी बचाव हो सकेगा। हर्बेस्ट प्लस की टीम से जिनी, मनीष कुमार, रमेश मिश्र, बलदेव और विनोद कुमार ने खेतों में जाकर प्रयोग की गई जिंक की फसल का अवलोकन कर किसानों को आवश्यक सुझाव दिया। इस मौके पर शिवमोहन त्रिपाठी, रामलक्षण शुक्ल, मौजीलाल, शंकर दयाल, अनुराग शुक्ल देवी दयाल सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।



## भोलानाथ रामसुख इंटर कॉलेज की छात्रा रंजना यादव ने प्रादेशिक भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त की

**मऊआइमा।** भोलानाथ राम सुख इंटर मीडिएट कालेज चकश्याम किरांव की छात्रा रंजना यादव ने लखनऊ में आयोजित सीनियर प्रादेशिक भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) में द्वितीय स्थान जीत कर विधालय और गांव में नाम रोशन की। मंगलवार को लखनऊ में आयोजित सीनियर भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) प्रतियोगिता में स्टेट लेबल में रंजना के द्वितीय आने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। बताया गया है कि इसके पूर्व रंजना यादव गाजियाबाद में आयोजित भाला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।रंजना यादव मूल रूप से सोरांव की मलकिया गहरपुर की शिवभजन यादव की पुत्री है। रंजना यादव के सिल्वर मेडल जीतने पर पिता शिवभजन यादव, प्रधान सुनील कुमार, जगदम्बा प्रसाद पटेल,परिवार के रामभजन, अनिल कुमार यादव , खिलाड़ी पवन यादव,आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। रंजना यादव मऊआइमा के भोलानाथ राम सुख इंटर कालेज की छात्रा है। रंजना के सिल्वर मेडल जीतने पर विधालय में खुशी की लहर व्याप्त है।

## अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड कर चार सिलिंग फैन चोरी कर ले गए दी थाने में गई तहरीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा के स्टैंडर्ड इंटर मीडिएट कालेज में कक्ष संख्या पन्द्रह का ताला तोड कर अज्ञात चोरों ने चार छत वाला पंखा चोरी कर ले गए। थाने में दी गई तहरीर। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कस्बा से सटे स्टैंडर्ड इंटर मीडिएट कालेज में बीती रात चोरों ने कक्ष संख्या पन्द्रह का ताला तोड कर चोरों ने विद्यालय के मेज के सहारे चार सिलिंग फैंन छत का पंखा खोल कर चोरी कर ले गए। बुधवार को चोरी का पता चला तो प्रधानाचार्य राकेश कुमार यादव ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी । बताया गया है कि इसके पूर्व होली पर भी कालेज में चोरी हुई थी।जिसका आज तक कुछ भी पता नहीं चला।

## भुलई बाबा के मेले में उमड़ा अकीदतमंदों का जन सैलाब

**फूलपुर।** बारावफात के दूसरे दिन से फूलपुर तहसील क्षेत्र के चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव में लगने वाले ऐतिहासिक भुलई बाबा का सालाना उर्स में सुबह से ही अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। पहले दिन दिन भर बारिश होने के कारण मेले में जहां सन्नाटा रहा वहीं दूसरे दिन बुधवार को मेले में बच्चे महिलाएं व बुजुर्ग मेले का आनंद उठा रहे थे। सूफी संत चिश्ती हजरत मौलाना सैयद शाह सिकंदर अली रहमतुल्लाह अलय भुलई बाबा की मजार पर 150 वर्षों से लोग जहां अपने आस्था के लिए दूरदराज से आते हैं वही महिलाएं अपने साल भर की गृहस्थी के सामान खरीदने के भी इंतजार में रहती हैं।बता दें कि प्रयागराज गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भुलई बाबा की मजार का का ऐतिहासिक महत्व है। लोग बताते हैं कि सूफी संत के दर्शन मात्र से ही लोगों में प्रेत बाधा, पागलपन



मानसिक रोग जैसे जटिल समस्याएं दूर हो जाती हैं। आधुनिकता के इस दौड़ में यह मेला अब बच्चों की कहानी बनती जा रही है। क्षेत्र के बुजुर्गों ने बताया कि पहले के दौर में लोगों को इस मेले से खेती किसानी के सामान, चमड़े की मोट, चमड़े के जूते,लोहे के औजार व बर्तन के नाम से यह मेला विख्यात था।मेले में सर्कस, झूले,काला जादू, अन्य मनोरंजन के साधन मेलार्थियों को खूब लुभाते हैं। बुधवार शाम से ही बाद नमाज असर गुस्ल का कार्यक्रम के बाद सज्जादा नसीन सैयद हाफिज सदरूल हसन के दरवाजे से हजारों की तादात में आये अकीदतमंदो ने फतीहा पढते हुए बाबा की मजार पर रात्रि बारह बजे चादरपोशी किया गया। सुबह फजर नमाज बाद कुरानखानी व दोपहर महफिल शमा कौव्वाली के बाद कुलशरीफ का फतीहा होगा।

# लगातार घट रहा गंगा-यमुना का जलस्तर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत भरी खबर है। गंगा का जलस्तर फिलहाल स्थिर है। सिंचाई विभाग बाढ़ खंड की बुलेटिन के अनुसार बुधवार को भी गंगा के जलस्तर में कमी दर्ज की गई है. अब यहां पर 83.94 मीटर पर गंगा बह रही हैं और छह सेंटी मीटर की रफ्तार घट रही हैं। छतनाग में जलस्तर 82.83 मीटर पर बह रही हैं। इसी तरह यमुना का जलस्तर भी घट रहा है। यहां पर फिलहाल जलस्तर 83.69 मीटर पर है।

जिले में 11 घंटे में 42 मिमी तो शहर में 60 मिमी हुई बारिश

जिले में मंगलवार को 11 घंटे में 42.31 मिलीमीटर बारिश हुई। इनमें से करछना और कोरांव के बाद शहर में सबसे अधिक सदर तहसील में 60 मिमी बारिश हुई। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह आठ से शाम सात बजे के बीच करछना में 72 मिमी बारिश हुई। कोरांव में 62 मिमी और सदर तहसील में 60 मिमी बारिश हुई। बारा में 33, हंडिया में 23.5, फूलपुर में 10 तथा सोरांव में 15 मिमी बारिश हुई।गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद सहायक नदियां चंबल, केन और बेतवा भी उफान पर थी। कई जिलों से होते हुए प्रयागराज में पानी पहुंचा तो वह बाढ़ का रूप ले लिया था। यमुना के सापेक्ष शुक्रवार को गंगा का पानी धीमी गति से बढ़ा था। यमुना का वेग इतना तेज था कि रात तक लेटे हनुमानजी डूब गए। सुबह तक मंदिर परिसर में कमर तक पानी भर गया था।यमुना का वेग इतना तेज था कि रात तक लेटे हनुमानजी डूब गए। सुबह तक मंदिर परिसर में कमर तक पानी भर गया था।

## हाईकोर्ट की अधिवक्ता को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे एक लाख रुपये

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट की अधिवक्ता आकृति रस्तोगी को जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर एक लाख रुपये की ठगी कर ली। खुद को पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर जालसाजों ने झांसा दिया कि उनकी आईडी से मलेशिया कुआलालंपुर के लिए अवैध पार्सल बुक किया गया है। बैंक खाते का सत्यापन कराने के नाम पर रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए।राजरूपपुर धूमनगंज की रहने वाली आकृति रस्तोगी हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करती हैं। बीते आठ सितंबर को उनके मोबाइल पर एक अंजान नंबर से फोन आया। फोनकर्ता ने कहा कि वह नई दिल्ली कस्टम ऑफिस से बोल रहा है।

उनकी आईडी और मोबाइल नंबर से मलेशिया कुआलालंपुर में वान गैंग नाम के व्यक्ति के पते पर 118 फर्जी पासपोर्ट, 148 ग्राम ड्रग्स और 14 एटीएम बुक किए गए हैं। आकृति ने बताया कि वह प्रयागराज से बोल रही हैं तो आरोपी ने बसंतकुंज पुलिस थाने से सुनील कुमार कहकर दूसरे जालसाज से बात कराई। उसने व्हाट्सएप पर वीडियो कॉलिंग की और कहा कि उनका नाम मनी लॉन्ड्रिंग और ह्यूमन ट्रैफिकिंग केस में आया है।

# जानलेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार

**शराब पीने के दौरान झगड़ा होने पर दोस्त के गले में मार दी थी चाकू**


अखंड भारत संदेश



**नैनी।** यमुना नगर के नैनी कोतवाली क्षेत्र के महर्षि महेश योगी आश्रम गेट के पास बुधवार को पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी शुभम त्रिपाठी (24) को गिरफ्तार कर लिया।शुभम त्रिपाठी पुत्र विजयकांत त्रिपाठी, दक्षिणी लोकपुर, शिवनगर, नैनी का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से हमले में प्रयोग की गई चाकू भी बरामद कर ली है। इस घटना का संबंध 15 सितंबर को हुए एक जानलेवा हमले से है, जब नैनी कोतवाली क्षेत्र के शिवनगर मोहल्ले में रहने वाले शिवम शर्मा पर चाकू से हमला हुआ था। इस हमले में शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया था। जहां हालत गंभीर होने पर उसे स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में रेफर कर दिया गया था। इस मामले में शुभम त्रिपाठी के साथ अतुल मिश्रा और 4-5 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।नैनी पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए शुभम त्रिपाठी ने पूछताछ के दौरान बताया कि 15 सितंबर को मोहल्ले के एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वह देवरख श्मशान घाट गया था। वहां उसकी मुलाकात अतुल मिश्रा शिवम शर्मा और अन्य लोगों से हुई थी। अंतिम संस्कार के बाद वह लोग दक्षिणी लोकपुर हौली पहुंचे। जहां अतुल मिश्रा ने शराब खरीदी। उसके बाद वह लोग शराब लेकर मुखिया नगर में वीरेंद्र निषाद के खाली प्लाट पर गए। वहीं सब एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान शुभम और शिवम शर्मा के बीच एक पुराने मामले को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान शुभम ने सब्जी काटने वाली चाकू से शिवम की गर्दन पर हमला कर दिया। जिससे शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। खून बहता देख शुभम भाग गया था।शिवम शर्मा की मां ने नैनी कोतवाली में शुभम त्रिपाठी, अतुल मिश्रा व अन्य के खिलाफ ऋक्र दर्ज कराई थी। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि शुभम त्रिपाठी के खिलाफ पहले से ही 6 अलग-अलग धाराओं में एफआईआर दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई परमानंद यादव, ३ शशिकांत पांडे और सिपाही संजीत कुमार शामिल थे।

# जेब में रखे मोबाइल में विस्फोट प्रतियोगी छात्र हुआ घायल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** गोविंदपुर में ट्रेन पकड़ने जा रहे प्रतियोगी छात्र के जेब में रखे मोबाइल में अचानक विस्फोट हो गया। इसमें छात्र जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। ज्ञानप्रकाश पुत्र रामप्रयाग केपी जायसवाल इंटर कॉलेज में शिक्षक के पद पर तैनात हैं। वह मूल रूप से सुल्तानपुर के रहने वाले हैं और वर्तमान में गोविंदपुर मोहल्ले में किराये के कमरे में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका भाई उमाकांत भी उनके साथ ही रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है।बताया कि बुधवार को उनके भाई को गांव जाना था, ऐसे में दोपहर 12 बजे के करीब वह ट्रेन पकड़ने के लिए कमरे से निकला। अभी वह गोविंदपुर टेंपो स्टैंड के पास पहुंचा था कि तभी उसके पैंट की जेब में रखे मोबाइल में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। इससे मोबाइल के तीन टुकड़े हो गए और विस्फोट इतना जबरदस्त था कि उसका पैंट तक फट गया। यही नहीं उसकी जांघ में जख्म भी हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। इसके बाद उसे घर भेज दिया गया।

## शुआट्स कैंपस सेलेक्शन में 26 को मिली सफलता

**नैनी।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में विभिन्न कंपनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेन्ट ड्राईव में 26 छात्र-छात्राओं को सफलता प्राप्त हुई। निदेशक कैरियर प्लानिंग एण्ड प्लेसमेन्ट प्रो. डा. अशोक त्रिपाठी के अनुसार आईडीबीआई बैंक में बीएससी एग्रीकल्चर के चार छात्रों व बीएससी हार्टीकल्चर के एक छात्र का चयन हुआ। टैफे में बीटेक मैकेनिकल का एक छात्र चयनित हुआ। एचडीएफसी लाईफ इंश्योरेन्स में एमबीए एग्रीबिजनेस के चार छात्र बच्चों को सफलता मिली। कोरिजो में बीटेक एग्रीकल्चर व एमबीए एग्रीबिजनेस के एक-एक छात्र चयनित हुए। इण्डो फार्म इक्विपमेन्ट लि0 में बीटेक एग्रीकल्चर के दो व एमबीए एग्रीबिजनेस के एक छात्र का चयन हुआ। संगवान पॉल्ट्री फार्म प्रा.लि. में एमबी के दो छात्र, बीएससी एग्रीकल्चर के दो छात्र व एमएससी के एक छात्र का चयन हुआ। श्वेतधारा मिल्क प्रोडक्शन कंपनी में एमटेक डेयरी टेक्नोलॉजी के दो, बीटेक डेयरी के तीन व एमएससी डेयरी के एक छात्र का चयन हुआ। प्रोफेसर त्रिपाठी ने कहा कि कई राष्ट्रीयकृत कंपनियों के साथ वार्ता चल रही है जल्द ही अन्य कंपनियों द्वारा कैंपस साक्षात्कार आयोजित किये जाने की संभावना है। चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण संकाय व सदस्यों द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को दिया। कुलपति प्रो.डा. राजेन्द्र बी. लाल ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राणा चावला पंजाबी, सिक्ख, सिंधी ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्वाचित

**श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार हरजिंदर सिंह का हुआ सम्मान**

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** बुधवार को पंजाबी, सिक्ख, सिंधी ट्रस्ट का चुनाव व शपथ ग्रहण समारोह होटल मिलन पैलेस में आयोजित हुआ। ? इस मौके पर श्री गुरु सिंह सभा प्रयागराज के मुख्य सेवादार सरदार हरजिंदर सिंह को ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया गया। चुनाव में राणा चावला को अध्यक्ष चुना गया तो वहीं इंदरप्रीत सिंह को महासचिव, जितेंद्र सिंह व उमाशंकर अइलानी उपाध्यक्ष, साहिल अरोड़ा व रमेश अंदानी संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष पद पर इंदर मध्यान तथा दिलजीत सिंह व अतुल लूथरा को संयुक्त कोषाध्यक्ष चुने गए।? इसके अलावा आकाश पुरी, मंजीत सिंह व निखिल मध्यान कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। ट्रस्ट के संरक्षक मंडल में दविंदर पाल सिंह, डॉ अनिल कालरा और डीपी मदानी को चुना गया। चुनाव गठन के पश्चात शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लाह के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए ट्रस्ट के फाउंडर स्वर्गीय सरदार जोगिंदर सिंह के पुत्र श्री गुरु सिंह सभा प्रयागराज के मुख्य सेवादार सरदार हरजिंदर सिंह ने ट्रस्ट की ₹पहली समिति₹ की घोषणा की और पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई। कहा कि यह ट्रस्ट स्वर्गीय सरदार जोगिंदर सिंह और विजय अरोड़ा की दूर दृष्टि का परिणाम है। उनका योगदान और दृष्टिकोण हमेशा इस ट्रस्ट के कार्यों में मार्गदर्शन करता रहेगा। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने ट्रस्ट के उद्देश्यों और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा तीनों समुदायों के बीच भाईचारे, एकता और सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य करते रहने और समाज के कल्याण और विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की भी शपथ ली।

# किसी भी कीमत पर नहीं बक्से जायेंगे अपराधी : थाना प्रभारी



**सोरांव।** अपराध को कम करने के लिए अपराधियों पर चाबुक चलाना और शक्ति से निपटना सरकार की पहली प्राथमिकता है जिससे की पीड़ितों को न्याय मिल सके। और अपराधी किसी कीमत पर बक्से न जाए। इसीलिए शासन ने जनसुनवाई के लिए सभी कार्यालयों में अधिकारियों को बैठने का आदेश भी जारी किया है। इसी बात की लेकर सोरांव के तेज तर्रार और ईमानदार सहायक पुलिस आयुक्त जंग बहादुर यादव और थाना प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी सुबह 10 बजे से दोपहर करीब 3 बजे तक जन सुनवाई का कार्य करते है। और करीब दर्जनों पीड़ितों के शिकायती पत्रों की सुनवाई करके पीड़ितों को न्याय दिलवाते है। जिसकी चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि पहले की अपेक्षा इस समय एसीपी जंग बहादुर यादव थाना प्रभारी सोरांव की साफ सुथरी कार्य शैली और छवि से लोगों को न्याय की उम्मीद रहती है। और सबसे बड़ी बात तो यह है कि थाने परिसर पर दलालों का अड्डा खत्म हो चुका है। जिससे पीड़ित, दलालों की पहुंच से दूर है। जिससे पीड़ितों को न्याय की संभावना बनी रहती है। सभी तहरीरों की स्थलीय जांच के बाद ही मामला साफ होता है कि कौन पीड़ित है और दोषी है।

**"इस बाबत थाना प्रभारी सोरांव ब्रिजेश कुमार तिवारी ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना हमारा कर्तव्य है। और अपराधी चाहे जितने भी पहुंच वाला होगा उसको बक्सा नही जायेगा।**

# हंडिया कोतवाली मे अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, लेखपाल से विवाद का मामला

अखंड भारत संदेश



**हंडिया।** थाना परिसर में बुधवार को अधिवक्ताओं ने जमीन पर बैठकर किया प्रदर्शन। बीते 13 तारीख को तहसील परिसर में अधिवक्ता और राजस्व लेखपाल से विवाद का मामला प्रकाश में आया था जिसमें लेखपाल की तहरीर पर स्थानीय पुलिस ने अधिवक्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बुधवार को दर्जनों की संख्या में अधिवक्ताओं ने थाना परिसर में जमीन पर बैठकर विरोध दर्ज कराया । वहीं घंटो तक हंडिया थाना प्रभारी से कुछ नरम गरम होती रही। किसी सूचना पर मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी होलिया दिग्विजय सिंह। अधिवक्ताओं ने अपनी बातों को उनकी समझ रखा और मामला दर्ज करने की बात कही। इस पूरे मामले को लेकर उप जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी मामला अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज है उसे खत्म किया जाएगा और अधिवक्ताओं की शिकायत के आधार पर लेखपाल की जांच कराई जाएगी अगर दोषी पाए जाते हैं तो जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई की जाएगी इस बात से सहमत होकर अधिवक्ताओं ने विरोध को समाप्त किया मौके पर अधिवक्ता महेन्द्र सिंह, अधिवक्ता बलराम यादव, अधिवक्ता स्वतंत्र सिंह दर्जनों की संख्या मे अधिवक्ता मौजूद रहे है।

## सरायममरेज पुलिस ने सात वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**प्रतापपुर।** थाना सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद से संबंधित 7 वांछित अभियुक्तों में काशी नाथ विश्वकर्मा पुत्र पारस नाथ उम्र 60 वर्ष निवासी जंघई, केशरी नंदन दीपक पुत्र विजय नारायण दुबे उम्र 37 वर्ष निवासी चंपापुर, बुचनु पुत्र राम शिरोमणि उम्र 40 वर्ष निवासी बहुपुर, गुड्डू उर्फ प्रकाश पुत्र भाई लाल उम्र 30 वर्ष निवासी बहुपुर, संत कुमार पुत्र माता प्रसाद उम्र 50 वर्ष निवासी बाबूपुर बेलौं, ललित कुमार उर्फ राम मिलन पुत्र दान बहादुर उम्र 30 वर्ष निवासी दुधरा, साथर एवं विनोद कुमार भारतीया पुत्र रामराज उर्फ रामलाल भारतीया निवासी महाराजपुर थाना सरायममरेज प्रयागराज को बुधवार को गिरफ्तार करके वारंटियों को विधिक कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय भेजा दिया गया। एसएचओ सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक अरुण कुमार, उप निरीक्षक संजय कुमार मौर्य, उप निरीक्षक प्रभु नारायण यादव, उप निरीक्षक सौमित्र सिंह, प्रशिक्षु उप निरीक्षक सौरभ यादव, प्रशिक्षु उप निरीक्षक बालकेश, प्रशिक्षु उप निरीक्षक प्रिया त्रिपाठी एवं हेड कांस्टेबल अनीष सिंह, हेड कांस्टेबल झारखंडे यादव, कांस्टेबल रोहित यादव, कांस्टेबल मनोज कुमार यादव एवं कांस्टेबल ओमप्रकाश मौर्या थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल रहे।

# शुआट्स में एनएसएस द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन




**प्रयागराज।** शुआट्स में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित ह्यस्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 173 एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित थे। एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता की शपथ ली और 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. कार्यक्रम समन्वयक दीपक कुमार बोस, सहायक समन्वयक सत्यम कुमार केसरी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना मेहता और डॉ. अलका गुप्ता आदि मौजूद थे। सत्यम कुमार केसरी ने बताया कि स्वच्छता कार्यक्रम के तहत प्रत्येक छात्र को 2.5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित करना है जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके।

## न्यूज झरोखा

### आर्थिक कमजोर छात्राओं को उर्जा निगम निः शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण देगा




**प्रयागराज।** मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनी मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य उच्च अधिकारी एवं भारतीय महिला ग्रामोद्योग संस्थान के प्रबंधक एनपी सिंह के संयुक्त तत्वाधान में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया । जिसमें निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत भारतीय महिला ग्रामोद्योग संस्थान प्रयागराज द्वारा क्षेत्र के गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन करछना के बी एम जी इंटर कॉलेज बघेडा पर किया जाएगा । जिसमें वित्तीय सहायता मेजा ऊर्जा निगम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की जाएगी । यह जानकारी बीएमजी इंटर कॉलेज बघेडा के प्रबंधक एनपी सिंह ने दी है।

### विमानन प्रशिक्षण कॉलेज में चलाया सफाई अभियान



**प्रयागराज।** नागर विमानन प्रशिक्षण कॉलेज भारतीय विमानन प्राधिकरण बमरौली प्रयागराज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा-2024 थीम ह्यस्वभाव स्वच्छता - संस्कार सव्च्छता है, के तहत कई आयोजन हुए।बुधवार को परिसर में सभी अधिकारी, कर्मचारी और प्रशिक्षुओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके बाद मानव श्रंखला बनाकर संदेश दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभागों में सफाई अभियान चलाया। स्वच्छता अभियान की जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को शाम चार बजे पौधरोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में सीएटीसी के प्रधानाचार्य कार्यपालक निदेशक के वासुदेवन व सभी स्टाफ मौजूद रहेंगे। 24 को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर तथा बमरौली रेलवे स्?टेशन पर वृहद सफाई अभियान चलाया जाएगा।

### सोरांव की शिक्षिका मधुलिका सिंह को एडु लीडर्स यूपी कर्मयोगी सम्मान




**प्रयागराज।** प्राथमिक विद्यालय मटियारा (सोरांव) की शिक्षिका मुधिलका सिंह को एडु लीडर्स यूपी कर्मयोगी सम्मान से नवाजा गया है। मधुलिका सिंह को यह सम्मान नोएडा में आयोजित एक समारोह में दिया गया। मुधिलका के सम्मानित होने पर साथी शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है। आरआर ग्लोबल और हेमा फाउंडेशन के सहयोग से टीम एडु लीडर्स यूपी द्वारा होटल जिंजर ग्रेटर नोएडा में एडु लीडर्स सम्मान समारोह-2024 का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के लोक निर्माण राज्य मंत्री बृजेश सिंह, प्रख्यात अभिनेता पद्मश्री मनोज जोशी व भाजपा के असम प्रभारी और पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने देश के दो 302 उत्कृष्ट शिक्षकों को एडु लीडर्स सम्मान प्रदान किया। सम्मान समारोह में राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक संस्थापक एडु लीडर्स डॉक्टर सर्वेश मिश्र, वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक ट्रस्टी हेमा फाउंडेशन मुंबई डॉक्टर चीनू अग्रवाल, महेंद्र काबरा, मुख्य ट्रस्टी हेमा फाउंडेशन मुंबई मौजूद रहे।

# सांसद उज्जवल रमण सिंह ने किया केंगन वाटर एवं टेस्टो क्योर लैब का उद्घाटन



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में सांसद प्रयागराज उज्जवल रमण सिंह ने खान चौराहा महेवा स्थित केंगन वाटर एवं टेस्टो क्योर लैब का उद्घाटन किया। संस्थान के निदेशक डॉ. संजय कुमार एवं उनकी टीम ने सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सांसद ने लैब का निरीक्षण किया एवं निदेशक डॉ. संजय कुमार से केंगन वाटर के लाभ जाने। डॉ. संजय कुमार ने बताया कि केंगन वाटर का आविष्कार जापान में सन 1974 में हुआ था। यह वाटर मानव शरीर में बहुत सारी बीमारियों को उत्पन्न होने से रोकता है। साग सब्जियां के ऊपर छिड़काव किए गए पेस्टिसाइड्स एवं यूरिया के प्रभाव को यह पानी समाप्त कर देता है। केंगन वाटर 6 पी,एच से लेकर 11.5 पी,एच वैल्यू पर उपलब्ध है जिसकी अलग अलग उपयोगिता है। कई सारे अस्पताल केंगन वाटर का प्रयोग करते हैं। टाटा कैंसर संस्थान मुंबई ने अपने मरीजों के लिए केंगन आयनाइजर मशीन अपने संस्थान में स्थापित कर रखी है। सांसद ने पूर्ण रुचि से निदेशक महोदय की बातें सुनी और केंगन वाटर को मानव समाज के लिए गुणकारी बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. संजय कुमार, सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा, ओम प्रकाश, मोहन लाल, आर के शुक्ला, डॉ अरविंद आर्या, हरजीत सिंह मारवाह, शशिकांत तिवारी, नरेश कुशवाहा, तन्वीर, विजेश मोहन, राजेश सुमन, हरीश सिंह, निजामुद्दीन, नयन कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, वीरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सराय इनायत स्थित महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य प्रांशु दत्त द्विवेदी की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश शासन, डॉ. राकेश धर त्रिपाठी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का अध्यक्षता इंजीनियर प्रणव त्रिपाठी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, द्वारा किया गया। गोष्ठी की शुरूआत सरस्वती मां एवं संस्थान के प्रेरणा स्त्रोत पंडित महावीर प्रसाद त्रिपाठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई।मुख्य अतिथि प्रांशु दत्त द्विवेदी ने उपस्थित अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अध्यापक श्रेष्ठ रणनीतिकार होते हैं, जिनके ज्ञान से राष्ट्र की उन्नति होती है। शिक्षा को राष्ट्र की आवश्यकता के अनुरूप ढालना जरूरी है।विशिष्ट अतिथि डॉ. राकेश धर त्रिपाठी ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा, ह्लअध्यापक समाज और राष्ट्र के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनका योगदान हमारे देश के भविष्य को संवारने में बेहद महत्वपूर्ण रहा है।इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें पप्पू पांडे (जिला अध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा), सुनील तिवारी, विष्णु पांडे, अवनीश गर्ग, प्रांजल त्रिपाठी, प्रखर जी, कुलदीप दुबे, नवीन तिवारी, राजीव पाठक, विमल यादव, सत्यम श्रीवास्तव और अतुल गौतम शामिल थे।कार्यक्रम ने शिक्षा की महत्वता और अध्यापकों की जिम्मेदारियों को उजागर किया, जिससे सभी ने प्रेरणा ली।

# जिले में बने 2626 मतेदय स्थल एवं 1672 मतदान केन्द्रः डीएम

## राजनैतिक दलों के साथ डीएम ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेट्रट के सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन में प्राप्त दावे और आपत्तियों के निस्तारण के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों एवं अधिकारियों के साथ बैठक की और कहा कि आयोग के निर्देशानुसार जो भी मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में दावे और आपत्तियॉ प्राप्त हुई थी उनका निस्तारण कर आज अन्तिम रूप दिया गया है।

उन्होने बताया कि मतदेय स्थलों के सत्यापन के बाद जनपद में कुल 13 मतदेय स्थलों के भवनों में परिवर्तन किया गया है, 07 भवन जर्जर पाये गये तथा 04 भवन उपयुक्त नही पाये गये। जनपद में कुल 05 नये मतदेय स्थल बनाये गये है तथा 246 कुण्डा में 05 मतदान केन्द्र कम हुये है। 247-विश्वनाथगंज विधानसभा में 01 नया मतदान केन्द्र व 01 नया मतदेय स्थल बनाया गया है। 244-रामपुरखास में 02 मतदान केन्द्र नये बनाये गये है। 248-प्रतापगढ़ में 02 मतदेय स्थल, 249-पट्टी विधानसभा में 01 मतदेय स्थल तथा 250-रानीगंज विधानसभा में 01 मतदेय स्थल नये बनाये गये है। वर्तमान में 2621 के सापेक्ष 2626 मतदेय स्थल एवं 1674 मतदान केन्द्रों के सापेक्ष 1672 मतदान केन्द्र हो गये है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी सहित राजनैतिक दलों से भारतीय जनता पार्टी के रामजी मिश्रा, अपना दल एस से परमानन्द मिश्र, कांग्रेस पार्टी से सुरेश कुमार मिश्र, सपा से निसार अहमद व मो0 असलम, विधायक रानीगंज प्रतिनिधि रमेश कुमार, बसपा से राम आसरे आर्या, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी लाल बहादुर तिवारी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।


राजनैतिक दलों के साथ बैठक करते डीएम संजीव रंजन।

## सीडीओ ने बस को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन प्रोत्साहन की योजना वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत जनपद के पान उत्पादक 50 कृषकों का दल प्रदेश से बाहर (चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर, महोबा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र छतरपुर मध्य प्रदेश) सात दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम 18 सितम्बर से 24 सितम्बर, 2024 तक के लिए जनपद से रवाना हो रहा है। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने विकास भवन परिसर से पान उत्पादक कृषकों के दल की बस को हरी झण्डी दिखाकर प्रदेश के बाहर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

## डीएम ने जनसुनवाई के दौरान सुनी समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेट्रट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता शिवेन्द्र बहादुर सिंह निवासी सुजाखर थाना सांगीपुर ने शिकायत किया कि प्रार्थी की भूमिधरी जमीन को प्रार्थी के पट्टीदार जबरन अतिक्रमण कर रहें है इस हेतु राजस्व व चकबन्दी की संयुक्त टीम गठित कर समस्या का समुचित समाधान करायें जिस पर जिलाधिकारी ने एसओसी चकबन्दी व उप जिलाधिकारी लालगंज को निर्देशित किया है कि संयुक्त टीम बनाकर नियमानुसार निस्तारण करायें और पुलिस बल का भी सहयोग लें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापू ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े।

# एसपी ने 9 चौकी प्रभारियों को हटाया

## कई सब इंस्पेक्टरों को भी बदला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के एसपी डॉ अनिल कुमार ने कड़ा ऐक्शन लेते हुए नौ चैकी प्रभारियों को हटा दिया है। उनके स्थान पर नये चैकी प्रभारियों की तैनाती कर दी है। साथ ही कई सब इंस्पेक्टरों का भी तबादला किया गया है। जो चैकी प्रभारी बने उनमें चिलबिला उप निरीक्षक संदीप कुमार तिवारी, बेलखरी उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, मदाफरपुर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार दुबे, कांधरपुर उप निरीक्षक विवेक कुमार यादव, सुवंसा उप निरीक्षक महेश कुमार, रानीगंज कैथौला उप निरीक्षक विवेक कुमार, सगरा सुंदरपुर उप निरीक्षक रामनरेश, अस्थान उप निरीक्षक वीरपाल सिंह, रामगंज उप निरीक्षक गिरजा शंकर यादव शामिल हैं।

साथ ही कुछ सब इंस्पेक्टरों को यूपी 112 में भेजा जिनमें थाना कोतवाली नगर के महेशचन्द्र यादव, पुलिस लाइन के बृजपाल पाण्डेय, कोतवाली नगर के छोटेलाल विश्वकर्मा, पट्टी से सुमेर राम, पट्टी से शशिधर पाठक, लालगंज से महेश यादव, आसपुर देवसरा से कृष्णानन्द श्रीवास्तव, आसपुर देवसरा से परमहंस चैहान, लालगंज से अभिषेक सिंह, पुलिस लाइन से सुरेश सिंह यादव शामिल हैं।

साथ ही सब इंस्पेक्टरों को नई तैनाती दी गई जिसमें तेजबहादुर यादव, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना अंतू, धर्मेन्द्र कुमार वर्मा, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना पट्टी, हरिहर प्रसाद शुक्ला, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना नवाबगंज, राजेन्द्र बहादुर सिंह, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना फतनपुर, रामकवल यादव, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना नवाबगंज, नारायण सिंह, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना नवाबगंज, कृष्णदत्त शुक्ला, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना मान्धाता, लवलेश कुमार शुक्ला, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से यूपी-112, ओमप्रकाश दुबे, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना दिलीपपुर, यशवन्त यति, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना नवाबगंज, मनोज जायसवाल, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना दिलीपपुर, लाखन सिंह भदौरिया, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना मान्धाता, राजेन्द्र प्रसाद यादव, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना दिलीपपुर, राजबहादुर सिंह, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना दिलीपपुर, अन्जर अब्बास, पुलिस लाइन प्रतापगढ़ से थाना फतनपुर शामिल हैं।

# .....चलती रहेगी दुनिया, बदलते रहेंगे चेहरे

## वरिष्ठ साहित्यकार स्व0 चंद्रमणि पाण्डेय की मनी जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साहित्यिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक प्रेरणा के संवाहक वरिष्ठ साहित्यकार स्व.चन्द्रमणि पांडेय चन्द्र की जयंती के अवसर पर सत्प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने स्व.चंद्रमणि को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वह समाज में एक आदर्श व्यक्तित्व थे। उन्होंने हिंदी साहित्य की श्रेष्ठ रचनाओं के साथ-साथ अध्यात्म के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया। वरिष्ठ भाजपा नेता व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता आलोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि स्व.चंद्रमणि पाण्डेय का व्यक्तित्व विराट था। समाज और राष्ट्र से संबंधित ज्वलंत विषय पर अनेक रचनाएं उन्होंने लिखी। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ बच्चा बाबू की वाणी वंदना से हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार सुनील प्रभाकर ने अपने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि चंद्रमणि पांडेय हमेशा सभी को उत्साहित करने का कार्य करते थे। शीतला प्रसाद सुजान ने चलती रहेगी दुनिया बदलते रहेंगे चेहरे, कल और होगा कोई जहां हम हैं ठहरे। जौनपुर से आये निर्मल नदीम ने जो लोग तेरे इश्क़ के बीमार नहीं हैं, दुनिया मे जीने के भी हकदार नहीं हैं। युवा साहित्यकार सर्वेश सिंह ने मेरे सारे संघर्षों की जान बाबू जी, मैं जो सर उठाकर चलता हूँ वो शान बाबू जी। मेरा पैन,मेरा आधार बाबू जी पढ़कर वाहवाही लूटी। इं.चंद्रकांत तिवारी शाश्वत ने लिख रहा हूँ मैं एहसास की पंक्तियां, जब तलक तात हैं कर ले हैं मस्तियां पढ़कर तालियां बटोरी। राज नरायण शुक्ल राजन की रचना आप मंदिर में जाएं जरूरी नहीं, फूल माला चढ़ाएं जरूरी नहीं। अपने माता पता,गुरु की सेवा करें, रोज गंगा नहाएं जरूरी नहीं...ने खूब वाहवाही लूटी। डॉ.अनुज नागेंद्र ने पढ़ा सूरते दुनिया निखरती जा रही है, हां मगर तहजीब घटती जा रही है। सुरेश सम्भव ने लोक परंपरा से जुड़ी रचना पढ़ी। अध्यक्षता सुखदेव तिवारी व संचालन अनूप अनुपम ने किया। आयोजक डॉ. सौरभ पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, भाजपा नेता दिनेश गुप्ता, भाजपा नेता सिंधुजा मिश्रा, भाजपा नेता डॉक्टर राकेश सिंह ने भी विचार व्यक्त करते हुए अपने विचार रखेंद्य इस अवसर पर प्रो.बृजभानु सिंह, डॉ. चेत प्रकाश पाण्डेय, आदि मौजूद रहे।


सदर विधायक को सम्मानित करते आयोजकगण।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का करनपुर में हुआ शुभारंभ

## स्वच्छता कार्यक्रम में रुप में मना पीएम मोदी का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को माई युवा भारत प्रतापगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगर पालिका अंतर्गत करनपुर में स्वच्छता कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य तथा उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने झाड़ू लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, माई भारत युवा कार्यक्रम के लेखाकार विनय कुमार मिश्रा, युवा मंडल अध्यक्ष श्याम नारायण पटेल, पूर्व एन वाई वी आयुष सिंह, कार्यक्रम में रामफेर गुप्ता, रूपचंद, नितिन तिवारी, मंजीत सिंह एन0आई0एस0 कोच योगासन तथा माई युवा भारत प्रतापगढ़ विभाग के कर्मियों ने भी स्वच्छता अभियान में सहभागिता की। इस अवसर पर माई युवा भारत प्रतापगढ़, युवा कार्यक्रम विभाग के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कार्यालय पर एक स्वच्छता गोष्ठी भी आयोजित की गई। उपनिदेशक श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्म दिवस को स्वच्छता अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम को अभियान के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, माई युवा भारत प्रतापगढ़, युवा कार्यक्रम विभाग के लेखाकार विनय कुमार मिश्रा तथा उपस्थित लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया तथा स्वच्छता अभियान से जुड़ने का संकल्प लिया।


करनपुर में साफ-सफाई करते आयोजकगण।

## आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर चोरी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** इलाके में इन दिनों चोरी की घटनाओं में तेजी से इजाफा हो रहा है। बेखौफ चोर आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिस पर पुलिस अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। बता दें कोतवाली क्षेत्र के बेलसंडी गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का बीती रात बेखौफ चोरों ने ताला तोड़कर भीतर रखा प्रिंटर चुरा ले गए। सुबह जब कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो टूटा हुआ ताला देखकर दंग रह गए। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर सीडीपीओ आकाश डालमिया पहुंचे और मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से करते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## एमडीपीजी कालेज में हुई बीकॉम व एमकॉम की परीक्षाएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज के जोगापुर परिसर में बुधवार को बीकॉम पंचम सेमेस्टर एवं एम काम तृतीय सेमेस्टर की प्रथम आंतरिक परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में 181 विद्यार्थी शामिल रहे। बीकॉम पंचम सेमेस्टर में बिजनेस फाइनेंस एवं मनी एंड फाइनेंशियल सिस्टम तथा एम काम तृतीय सेमेस्टर की इंडस्ट्रियल रिलेशन की परीक्षा हुई। प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र के निर्देशन एवं वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ सी एन पांडेय की निगरानी में परीक्षा हुई जिसमें डॉ बलराज मिश्र, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ आकांक्षा मिश्रा, सभाजीत यादव, अनाथ शेट्टी आदि ने सहयोग किया।


परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते शिक्षकगण।

## आमने-सामने बाइक में भिड़न्त, एक रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आमने सामने बाइक की टक्कर में बाइक सवार चुटहिल हो गये। लीलापुर थाना के अन्तर्गत नेशनल हाइवे के प्रतापगढ़ लालगंज मार्ग पर तिना के बूढ़ेश्वर मंदिर के समीप बुधवार की सुबह दस बजे दो बाइकों में सीधी टक्कर हो गयी। सांगीपुर थाना के बूबूपुर निवासी हरीलाल वर्मा का पुत्र सुनील (40) अपनी बेटी श्रेया (10) का सगरा सुंदरपुर में इलाज कराने बाइक से जा रहा था। तिना मोड के पास उसकी बहन का घर है। बहन से मिलने के लिए जैसे ही वह मुड़ा उदयपुर के खानीपुर निवासी गिरधारी सिंह (42) अपनी बेटी महिमा (10) व भतीजी बारह का सगरा सुंदरपुर डाक घर से आधार कार्ड बनवा कर लौट रहे थे। दोनों बाइको मे टक्कर हो गयी। पुलिस ने ग्रामीणो के सहयोग से घायलो को लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां सुनील वर्मा को प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बेल्हा में चर्चित सपा नेता के होटल में गुंडई के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर कोतवाली में सपा नेता के नया मालगोदाम रोड स्थित होटल प्राइम रेजीडेंसी के मैनेजर इमरान व पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। बता दें कि होटल पर पिज्जा लेने गए नया मालगोदाम रोड निवासी अमित सिंह के साथ मारपीट का आरोप है। पीड़ित अमित सिंह ने नगर कोतवाली में दर्ज कराई है।

## पांच आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व बलवा का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियो के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट तथा धमकी व बलवा का केस दर्ज किया है। लालगंज के पडरी निवासी रामेश की पत्नी सीता देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सात अगस्त को शाम चार बजे विपक्षियों ने उसके घर पर धावा बोल दिया। विपक्षी गांव के रामसेवक के पुत्र हरिकेश तथा हरिकेश की पत्नी उर्मिला व पुत्र सचिन तथा बंटी एवं चंदन दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपी घर में घुस गये और उसे लाठी डण्डा से मारने पीटने लगे। पीडिता के देवर ने शोर मचाया तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। हमले मे पीडिता को गंभीर चोटें आयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हरिकेश समेत पांच के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## सर्पदंश से अधेड़ की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सर्पदंश से अधेड़ की मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों मे कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के सलेम भदारी दुखछोर का पुरवा निवासी रामनरेश का पुत्र बाबूलाल वर्मा (60) मंगलवार की रात खाना खाकर घर में सो रहा था। रात में अचानक उसे सर्प ने डस लिया। चीख सुनकर परिजन आननफानन में उसे लालगंज के एक नर्सिंग होम इलाज के लिए ले आये। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी मृतक को प्रयागराज एसआरएन रेफर कर दिया गया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ आयोजन

**सीबीएसई ने जारी किया नोटिस, चार अक्टूबर तक मांगी रिपोर्ट**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई स्वच्छता ही सेवा अभियान-केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर स्कूलों के प्रमुख को सर्कुलर जारी किया है, जिसमें जिसमें छात्रों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए गाइडलाइंस भी जारी की गई है। इस अभियान के तहत स्कूल में कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, बोर्ड कुछ सुझाव भी दिए हैं। वहीं 4 अक्टूबर 2024 तक इन गतिविधियों को लेकर विद्यालयों से रिपोर्ट मांगी गई है।

बता दें कि दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए स्वच्छ भारत दिवस मनाया जाएगा। स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम के साथ 'स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान स्कूलों में भी आयोजित होगा। सीबीएसई ने सिर्फ छात्रों को ही नहीं बल्कि स्कूल स्टाफ और शिक्षकों को इसका हिस्सा बनने का निर्देश दिया है।

बता दें कि स्वच्छ स्वभाव स्वच्छता संस्कार थीम पर विद्यार्थी और शिक्षकों को स्वच्छता शपथ दिलाया जाएगा। विद्यालय, हॉस्टल और शैक्षिक संस्थानों में कचरा या अपशिष्ट हटाने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा स्वच्छता स्वभाव स्वच्छता संस्कार पर निबंध, कविता, वाद विवाद, नारा लेखन और चित्रकला इत्यादि गतिविधियां आयोजित होंगी। शिक्षा और मनोरंजन के लिए स्कूलों और नजदीकी क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जा सकता है। इसके प्रभात फेरी, स्वच्छता की पाठशाला, स्वच्छता संवाद, वर्कशॉप, एजुकेशनल सेशन की सलाह बोर्ड ने दी है।

# हर घर में शिक्षा का दीप जलाएं बाल विवाह बंद कराएंः कलाकांत ओझा

## अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के साप्ताहिक उत्सव पर तरुण चेतना द्वारा भगवती प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज पृथ्वीगंज बाजार में बालिकाओं के अधिकार को लेकर बाल विवाह पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के संरक्षक पंडित कलाकांत ओझा ने कहा कि बाल विवाह जैसे को प्रथा को जड़ से खत्म करने की जरूरत है यह सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है। हर घर में शिक्षा का दीप जलाओ बाल विवाह को बंद कराओ। इसी क्रम में बाल अधिकार परियोजना के कोऑर्डिनेटर शिव शंकर चैरसिया ने कहा कि ने बाल विवाह पर चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी इंसान की जिंदगी में आजादी एवं बराबरी और सम्मान का अधिकार है मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इस अधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले को अदालत सजा भी देती है। मैसवा मैन हकीम अंसारी ने बेटियों का उत्सवर्धन करते हुए कहा कि तूफान आता है तो दिन रात बदल जाता है। जब गरजती है नारी शक्ति तो इतिहास बदल जाता हैं। अंसारी ने कहा कि बाल विवाह का सीधा असर न केवल लड़कियों पर, बल्कि उनके परिवार और समुदाय पर भी होता हैं। अंत में भगवती प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य निधि नायक ने बेटियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि बेटियों के अधिकार बिना हर बदलाव अधूरा है। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य गणेश प्रताप सिंह, प्रवक्ता दिनेश मिश्रा, लिपिक मंटू कुमार, ने भी अपने विचार व्यक्त किया।



अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

# राजकीय शिक्षक संघ की बैठक संपन्न, बनी रणनीति

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश मूल संघ के प्रांतीय कार्यकारी महामंत्री अशोक कुमार अवाक ने बताया कि ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर्स ऑर्गेनाइजेशन एआईएफटीओ की एक राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बता दें कि प्रदेश स्तर पर राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के मूल संघ एआईएफटीओ से संबंध राजकीय माध्यमिक शिक्षकों का एकमात्र संगठन है इसमें लगभग 23 राज्य के शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए 16 सितंबर को राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के मूल संघ ए आई एफ टी ओ और शैक्षिक नवचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की सामान्य बैठक आयोजित हुई मूल संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं एआई एफ टी ओ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सालिकराम प्रजापति को संयोजक एवं शैक्षिक नवचार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह को इस बैठक का सहसंयोजक बनाया गया बैठक में मूल संघ के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मीनाक्षी कौल और राम सहाय शर्मा वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष अरविंद पांडे कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार गौतम कार्यकारी महामंत्री अशोक कुमार अवाक समेत विभिन्न मंडलों से चुने हुए प्रतिनिधित्व किया। ए आई एफ टी ओ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सालिकराम प्रजापति ने बताया कि शासन की नीतियों कोछात्र-छात्राओं तक पहुंचने पर मंथन किया गया। उनकी सोच को आगे बढ़ने पर विचार भी किया जाएगा 16 सितंबर को मूल संघ की बैठक होगी जिसमें संगठन को प्रदेश स्तर पर और सशक्त करने तथा वर्तमान में संचालित सदस्यता अभियान को तेज करने पर विचार विमर्श किया जाएगा।


शिक्षक को सम्मानित करते साथीगण।

## स्थापित किए जाएंगे सेल्फ़ी प्वाइंट्स, सीबीएसई का सुझाव

**प्रतापगढ़।** स्वच्छता ही सेवा की थीम पर सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए जाएंगे। जिससे छात्र, शिक्षक, स्कूल स्टाफ, अभिभावकों को इंटरैक्टिव फोटो अवसरों के माध्यम से स्वच्छता पर गर्व करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की तर्ज पर स्कूलों, छात्रावास और शैक्षणिक संस्थानों में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित करने का सुझाव बोर्ड ने दिया है। ताकि हरियाली को लेकर बच्चों और समुदाय में जागरूकता फैलायी जा सके।

# सड़क से लेकर सदन तक नेता के सम्मान में लड़ेंगे लड़ाई : गौरव पाण्डेय

**नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ऊपर भाजपा नेताओ द्वारा लगातार की जा रही कायराना हरकत**




**कौशाम्बी** कॉंग्रेस पार्टी ने प्रयागराज में मंडल स्तरीय धरना प्रदर्शन प्रयागराज पत्थर गिरजा घर धरना स्थल पर बुधवार को किया कांग्रेस पार्टी के सांसद नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के ऊपर भाजपा के नेताओं के द्वारा अभद्र टिप्पणी एवं अमानवीय घटना व पुलिस के द्वारा मनमाना कार्रवाई एवं गलत एनकाउंटर के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया मंडल स्तरीय धरना प्रदर्शन पर प्रयागराज के सांसद उज्जवल रमण ने धरना स्थल पर पहुंच कर धरना को अपना समर्थन दिया! कौशांबी जिले का नेतृत्व जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने किया उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के ऊपर भाजपा के नेताओ के द्वारा लगातार कायराना हरकत की जा रही है वह बहुत ही गलत है हम सभी कौशांबी कांग्रेस के कार्यकर्ता इसका पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं और अपने नेता के सम्मान में हम यह लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक इस लड़ाई को लड़ेंगे और इस गूंगी बहरी सरकार के कानों तक अपनी आवाज को पहुंचाएंगे। इस मौके पर चायल के पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने कहा जिस प्रकार वर्तमान की सरकार में पुलिस के द्वारा बिना किसी जांच पड़ताल के एनकाउंटर किए जा रहे हैं बहुत ही दुःखद है यह सरकार ना ही संविधान को मानती है और ना ही लोकतंत्र को कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ती रहेगी और आगे भी लड़ेगी !धरना स्थल पर उपस्थित कौशांबी के प्रभारी प्रदेश सचिव राजेश साहनी ने कहा कि सरकार केवल पूंजी पतियों की है यह सरकार लोकतंत्र को और संविधान को खत्म करना चाहती है जो कि हम सभी कांग्रेस के सिपाही सरकार की इस मनसा को कतई पूरा होने नहीं देंगे ! पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम ने कहा हम कांग्रेस के सिपाही संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे जिस प्रकार यह सरकार लोकतंत्र के खिलाफ राज्यतंत्र को पैदा करना चाहती है यह बहुत ही दुःखद है नेता प्रतिपक्ष के ऊपर अभद्र टिप्पणी एवं पुलिस के द्वारा लगातार मनमाना रवैया यह बहुत ही चिंता का विषय है जिसे हम सभी कांग्रेसी के सिपाही विरोध करते हैं ! और आगे भी लोकतंत्र को बढ़ाने की लड़ाई को लड़ते रहेंगे धरना स्थल पर कौशांबी जिले से राम बहादुर त्रिपाठी श्याम मूर्ति त्रिपाठी, दीपक पाण्डेय ₹बाबूजी₹ उदय यादव, अलकमा उस्मानी, सुरेंद्र शुक्ला, मोहम्मद फरमान, मो नोमान ,अर्श खुर्शीद रामसूरत रैदास फौजिया अमृतलाल भारतीय ,छोटेलाल बबलू, मिठाई लाल ,धनपत, बबली देवी, श्याम सिंह भदोरिया, हसनैन आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले के विभिन्न क्षेत्र के साथ अंतरप्रांतीय पहलवानों ने भी कुश्ती में लिया हिस्सा



**बैरमपुर कौशाम्बी** नगर पंचायत पूरब पशिचम शरीरा का ऐतिहासिक तीन दिवसीय दंगल का आयोजन 17 सितम्बर से 19 सितम्बर तक पश्चिम शरीरा चौराहे के दंगल मैदान में आयोजित किया गया बुधवार को दंगल में पहलवानों की रोचक कुश्ती देखने के लिए क्षेत्र के जन मानस का हुजूम दंगल मैदान में उमड़ पड़ा इस मौके पर चेयरमैन संजय सरोज अधिसासी अधिकारी संरक्षक रमेश सिह गंगे चौबे अमरसिंह रवी तिवारी कुनी सिह बिजय यादव संचालक चेयरमैन प्रति निधि दिलीप सरोज सहित हजारों लोग कुश्ती देखने के लिए दंगल मैदान ने मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ अभिषेक सिह के नेतृत्व में महिला पुलिस थाना पुलिस भारी फोर्स के साथ दंगल मैदान में मौजूद रही तीन दिवसीय दंगल का बुधवार को दूसरा दिन था पहले दिन पानी बरस रहा था दंगल मैदान में आयोजित कुश्ती में विजयी पहलवानो को माल्यार्पण कर उनका हौसला बढ़ाया क्या और उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया इस दंगल मैदान में जिले के विभिन्न क्षेत्र के साथ-साथ अंतरप्रांतीय पहलवानों ने कुश्ती में हिस्सा लिया।

## न्यूज झरोखा

### पारिवारिक कलह से त्रस्त अधेड़ ने किया आत्महत्या



**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के असद उल्ला पुर रोही गांव में एक अधेड़ ने पारिवारिक कलह से त्रस्त होकर आत्महत्या कर लिया है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया है मृतक अपने पीछे तीन पुत्रियां एवम एक पुत्र छोड़ कर गाया है जिसमें दो पुत्रियों की शादी कर चुका है वही एक पुत्र उम्र लगभग बीस वर्ष एवम एक बेटी जिसकी उम्र 18 वर्ष दोनों अविवाहित घर पर है 'लोगो ने बताया कि घर की कलह के चलाते उसने फाँसी लगाई है। जानकारी के मुताबिक भरवारी पुलिस चौकी अन्तर्गत असद उल्ला पुर रोही निवासी संत लाल उम्र 52 वर्ष पुत्र चुन्नू ने मंगलवार की रात में खाना खाकर सोने चला गया तभी मौका पाकर रात में ही उसने फांसी लगा कर मौत को गले लगा लिया 'लोगो की माने तो घर की कलह के चलते उसने यह कदम उठाया घटना की जानकारी होते ही भरवारी चौकी पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया है '

### धूमधाम से नाचते गाते हुए भक्तों ने श्री गणेश प्रतिमा को विदा किए



**कौशांबी।** बारिश में भीगते हुए भक्तों ने भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति का भव्य तरीके से विसर्जन किया। मनौरी बाजार स्थित मां लक्ष्मी साड़ी कलेक्शन के मालिक राकेश कुमार गुप्ता पिछले 10 दिनों से अपने निज निवास में विधि विधान के साथ गणेश जी की मूर्ति स्थापित कर पूजन एवं भजन करते रहे। मंगलवार के दिन गणेश जी की मूर्ति पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किए उसके बाद डी.जे. के धुन पर नाचते - गाते भक्तों ने श्री गणेश जी का जयकारा लगाते हुए महिला बच्चे सैकड़ो लोगों का हुजूम फतेहपुर घाट पहुंचा वहां पहुंचकर विधि विधान के साथ श्री गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया जिसमें मुख्य रूप से रमेश चंद्र, सुरेश चंद्र, कमलेश गुप्ता, नरेश चंद्र, राजेंद्र पाल, राकेश कुमार गुप्ता, राकेश गौतम, ननका यादव, दीपक यादव, मुकेश, राजेश, सुमित, पवन केशरी, मगन सिंह, अमन गुप्ता, जतिन, हर्ष, रितब, लक्ष्य, आनंद केसरवानी सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भक्तों ने भगवान गणपति को मां गंगा की गोद में समाहित कर दिए।

### तूफान के साथ तेज बारिश में वृद्ध महिला का मकान जमींदोज महिला घायल



**कौशाम्बी** तेज तूफान के साथ बारिश होने के कारण वृद्ध महिला का कच्चा घर जमींदोज हो गया है। घर गिरने की चपेट में वृद्ध महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई है। वृद्ध महिला की चीख-पुकार सुनकर पड़ोस के लोगों ने मौके पर पहुंच कर बाहर निकाल कर इलाज हेतु स्थानीय हास्पिटल लेकर गये। जहां वृद्ध महिला का इलाज चल रहा है। बता दें कि नगर पंचायत चरवा के वार्ड नंबर 4 विवेकानंद की उर्मिला देवी गर्ग पत्नी अमृत लाल गर्ग बहुत गरीब व असहाय वृद्ध महिला है। मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। बीती रात तकरीबन 11:30 बजे तेज तूफान के साथ बारिश होने लगी जिससे वृद्ध महिला का घर तेज बारिश होने के कारण गिर गया। वृद्ध महिला घर की दीवार से दब गई। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस के लोगों ने मौके पर पहुंच कर वृद्ध महिला को आनन-फानन में निकाल कर इलाज हेतु स्थानीय हास्पिटल ले गये। जहां वृद्ध महिला का अभी इलाज चल रहा है। वृद्ध महिला को किसी भी प्रकार का कोई सरकारी आवास अभी तक नहीं मिला है। जिससे वृद्ध महिला सरकारी आवास के लिए कई बार आनलाइन आवेदन भी कर चुकी है फिर भी अभी तक किसी भी प्रकार का कोई लाभ उन तक नहीं पहुंच पाया है। वृद्ध महिला नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी सहित जिले के उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास की गुहार लगाई परन्तु अभी तक किसी भी प्रकार का कोई लाभ उन तक नहीं पहुंच पाया है। वृद्ध महिला ने खुले आसमान में पन्नी डाल कर भगवान भरोसे जीवन यापन करने को ठान लिया है।

### रिजवी पीजी कॉलेज के छात्राओं ने रैली आयोजित कर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




**कौशाम्बी** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक डॉ. ए. एच. रिजवी पी. जी. कॉलेज करारी के शिक्षकों छात्र छात्राओं द्वारा साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है इस मौके पर रैली आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कैप्टन अबू तल्हा अंसारी के नेतृत्व में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के क्रम में बुधवार सुबह 11:40 पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा करारी कस्बे में रैली निकालकर संस्कार स्वच्छता एवं स्वभाव स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक किया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत निकाली गई रैली में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कैप्टन अबू तल्हा अंसारी के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना, डॉ. मुकुंद देव द्विवेदी, डॉ. अशरफ अब्बास, डॉ. मदन मोहन मिश्रा, डॉ. शैला भारती, डॉ. मोहित त्रिपाठी, मुकेश कुशवाहा दीपक मिश्रा एवं महाविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे

### टेलर की टक्कर से बाइक सवार घायल



**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सेलरहा के पास तेज गति टेलर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा है जिसे इलाज के लिए एंबुलेंस अस्पताल में भेजा गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है। जानकारी के मुताबिक अर्जुन उम्र 35 वर्ष पुत्र बेलान कश्यप बाइक से बुधवार को कहीं जा रहे थे इसी बीच जैसे ही वह सेलरहा के पास पहुंचे तेज गति टेलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी हादसे में बाइक समेत अर्जुन सड़क पर गिर पड़े हैं और गम्भीर घायल हो गए हैं मामले की जानकारी मिलते ही राहगीर समेत आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है चिकित्सकों ने बताया कि बाइक सवार अर्जुन का दाहिना पैर टूट गया है मामले की जानकारी परिवार के लोगों को मिली तो वह भी अस्पताल पहुंच गए हैं।

# किसान कल्याण केन्द्र में किसान दिवस का आयोजन




**कौशाम्बी** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार की उपस्थिति में किसान कल्याण केन्द्र, मंझनपुर में किसान दिवस का आयोजन किया गया।किसान दिवस में कृषकों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं के समाधान के बारे में बताया गया। डॉ0 अजय कुमार एवं डॉ0 नवीन कुमार शर्मा द्वारा कृषकों से खेती-बाड़ी पर संवाद स्थापित किया गया। कृषक पुनीत सिंह ग्राम-चकथाम्भा द्वारा बताया गया कि धान की फसल में पौधों की पत्तियाँ लाल हो जा रही हैं समस्या के बारे बताया गया तो इस पर कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ0 नवीन कुमार शर्मा द्वारा निदान बताया गया। डॉ0 अजय कुमार द्वारा कृषकों को बताया गया कि नीम ऑयल का उपयोग कीटनाशक के रूप में किया जाय। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राकेश कुमार ने पशुओं को टीकाकरण कराने से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। चन्द्रिका प्रसाद मौर्य (अवर अभियन्ता विद्युत) द्वारा कृषकों को विद्युत बिल माफी की योजना के बारे में बताया गया। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, मंझनपुर द्वारा कृषकों को नवोन्मेशी कार्यक्रम, पराली प्रबन्धन एवं कृषि यन्त्रीकरण योजना से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी एवं उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सिराथू द्वारा कृषक को सोलर पम्प योजना की जानकारी प्रदान की गयी की गई। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषक को पारदर्शी पंजीकरण संख्या के द्वारा ऑनलाइन 02 एच.पी., 03 एच.पी., 05 एच.पी., 7.50 एच.पी. एवं 10 एच.पी. सोलर पम्प का आवेदन करना होगा। आवेदन के समय कृषक को रुपए-5000 ऑनलाइन टोकन मनी जमा करनी होगी। टोकन कन्फर्म होने पर कृषक अंश चालान के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त कर इण्डियन बैंक के किसी भी शाखा में जमा होगा। कृषक के पास 03/05 एच.पी. के सोलर पम्प के लिए 06 इंच व 7.50/10 एच.पी. के लिए 08 इंच का बोर होना आवश्यक है। वर्तमान में सोलर पम्प के लक्ष्य प्राप्त हैं जिसके आवेदन की प्रक्रिया चालू है, इच्छुक कृषक बन्धु ऑनलाइन आवेदन करके लाभ प्राप्त कर सकतें हैं। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सन्तराम, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सिराथू, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, मंझनपुर सुश्री सुरूचि विश्वकर्मा, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 राकेश कुमार, अवर अभियन्ता विद्युत विभाग चन्द्रिका मौर्य, अपर जिला कृषि अधिकारी अनुज कुमार एवं नीरज कुमार तिवारी आदि अधिकारी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र महगाँव से आये हुए वैज्ञानिक डॉ0 अजय कुमार, डॉ0 नवीन कुमार शर्मा व कृषकगण उपस्थित रहे।

# मोटा अन्न के प्रशिक्षण के लिए सतना भेजे गए किसान

**श्री अन्न पुनरोद्धार योजनान्तर्गत अंतर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण भ्रमण कार्यक्रम बस को अपर जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**




**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद कौशाम्बी से अंतर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण/भ्रमण कार्यक्रम बस को अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रबुद्ध सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में जनपद के आठो विकास खण्ड से 5 दिवसीय 50 कृषकों को प्रतिभाग करने के लिए बस द्वारा महात्मा गॉधी चित्रकूट, ग्रामोदय विश्वविद्यालय जनपद सतना (म0प्र0) कृषक प्रशिक्षण भ्रमण पर भेजा गया। प्रशिक्षण में कृषकों को मोटा अनाज (श्रीअन्न) यथा-ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो एवं रागी (मडुआ) के बारे में प्रशिक्षित किया जायेंगा। ये फसलें पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं और कई लाभ प्रदान करती हैं। इनका सेवन करने से हृदय रोग, मधुमेह और मोटापा जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करती है, मिलेट्स में धान एवं गेहूँ की तुलना में पोषक तत्व यथा-विटामिन्स एवं फाइबर आदि अधिक मात्रा में पाये जाते है इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिराथू अजेन्द्र कुमार एवं उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

### एक हफ्ते पहले हमले में घायल ई रिक्शा चालक की इलाज में मौत

**मौत के बाद मृतक के परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन**

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव में एक हफ्ते पहले ई रिक्शा चालक की दबंगो ने पिटाई कर दी थी परिजनो ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था जहा इलाज के दौरान ई रिक्शा चालक की मौत हो गई,परिजनो ने कार्यवाई को लेकर शव रखकर प्रदर्शन किया,पुलिस ने कार्यवाई का आश्वासन देकर शव को अंतिम संस्कार के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव के कमलेश मौर्य के पास स्वयं ई रिक्शा है,जिसे स्वयं चलाकर अपना वा अपने परिवार का गुजर बसर करता था,प्रतिदिन की भांति एक हफ्ते पहले रात को जब वह वापस घर लौटकर घर वापस आया, तो उनकी पत्नी ने देखा की वह ईरिक्शा में लेटे हुए है, थकान की वजह से लेटे होंगे लेकिन अगले दिन सुबह 9 बजे तक भी नही उठे तो वह वापस गई और जगाने लगी,लेकिन कमलेश नही उठा,वही उसके शरीर में कई जगह चोट के निशान भी थे, इसके बाद थाना पश्चिम शरीरा में ले जाया जहा पर पुलिस ने पहले इलाज कराने की बात कही। परिजनो ने इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कराया होश आने के बाद कमलेश ने बताया कि गांव के ही पुतान सिंह उर्फ पुत्र मुन्नू सिंह उन्हें बुकिंग के नाम पर ले गया था, बक्सी का पूरा निवासी सरोज कोरी का लड़का नीरज भी इसके बाद रास्ते में मेरे साथ पुतान सिंह अनावश्यक गाली गलौच करने लगा जब मैंने विरोध किया तो मुझे लात घूसों डंडों से मारा और मेरे जेब में रखे रुपए छीन लिए तथा धमकी दे रहे थे की तुझे वा तेरे परिवार को जान से मार डालूंगा इसके बाद मुझे चलती गाड़ी से ढकेल दिया जिसमे मैं बेहेश हो गया। वहीं बुधवार को कमलेश की इलाज के दौरान मौत हो गई,कमलेश की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीणों से कमलेश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाह रहे थे लेकिन परिजन कार्यवाई को लेकर अड़े रहे शव को रखकर प्रदर्शन किया।काफी मान मनौव्वल के बाद परिजन माने और प्रदर्शन बंद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रहीम के अपहरण का खुलासा 8 दिन बाद भी पुलिस के लिए बना सिरदर्द

## 23 लाख की ठगी के आरोप में जेल से जमानत पाने के बाद रहीम के अपहरण का पीड़ितों पर ही दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बघेलापुर गांव निवासी रहीम पुत्र सईद अहमद 10 सितंबर को 11:00 बजे बाइक लेकर अपने घर से निकले और अचानक रहस्यमय तरीके से वह लापता हो गए हैं उनका मोबाइल बन्द हो गया उनकी अम्मी फातिमा ने बिना देखे सुने मंझनपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके बेटे का अपहरण शाहवाज अहमद उनके पिता भाइयों सहित सात लोगों ने कर लिया है मोटरसाइकिल समदा पेट्रोल पंप के पास लावारिस हालत में खड़ी मिली है जबकि शहबाज अहमद पुत्र अतीक अहमद ने 24 नवम्बर 2018 को कोखराज थाना में रहीम समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था 10 मई 2018 को बैंक ऑफ बड़ौदा मूरतगंज की शाखा से रहीम और उनके परिजनों ने शहबाज के नाना कबीर उद्दीन पुत्र मोहम्मद इदरीश के बैंक खाते से 23 लाख रुपए से अधिक की रकम बैंक खाते से फर्जी हस्ताक्षर करके ठगी कर लिया था और उसके बाद रहीम ने ट्रक खरीदी जिस मुकदमे में रहीम जेल जा चुका है जेल से जमानत पर बाहर है लेकिन अभी तक ठगी के आरोपी द्वारा खरीदी गई ट्रक को भी पुलिस ने मुकदमे की सम्पत्ति में अपने कब्जे में नहीं लिया है जिससे पुलिस की मंशा पर शुरू से सवाल खड़े हो रहे हैं।

**सीसीटीवी कैमरा खोल सकती है राज :**

कोखराज के बघेलापुर गांव से चलने के बाद समदा पेट्रोल पंप के बीच दर्जनों स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं यदि रास्ते के सीसीटीवी कैमरा की 8 दिन में फुटेज की पुलिस जांच पड़ताल कर लेती तो रहीम के अपहरण की घटना का खुलासा हो जाता लेकिन घटना को 8 दिन बीत जाने के बाद भी थाना पुलिस ने रहीम के अपहरण की घटना के खुलासे में तत्परता नहीं दिखाई है

**बिना देखे कैसे दर्ज हुआ नामजद मुकदमा :**

बघेलापुर के रहीम के अपहरण के बाद उनकी अम्मी फातमा द्वारा ठगी के पीड़ित शहबाज अहमद उनके पिता कबीर उद्दीन समेत 7 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद रहीम के परिवार वालों पर भी सवाल खड़े हो गए हैं जब उन्होंने घटना में किसी को शामिल देखा नहीं है तो फिर कैसे ठगी के पीड़ितो पर अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया है दूसरा सवाल खड़ा है कि रहीम के गायब होने के बाद परिवार के लोग सीधा समदा कैसे पहुंच गए जहां बाइक खड़ी थी कहीं ठगी के मुकदमे में पीड़ित परिजनों पर समझौते का दबाव बनाने के लिए रहीम के अपहरण कहानी तो नही बनाई जा रही है इस तरफ भी पुलिस अधिकारियों को गंभीरता से जांच कर घटना की सच्चाई से पर्दा उठना होगा



अस्पताल में भर्ती अपहरण का नामजद आरोपी

**जल्दबाजी में पुलिस ने दर्ज किया अपहरण का मुकदमा :**

कोखराज थाना क्षेत्र के बघेला पुर गांव के 23 लाख रुपए ठगी के आरोपी रहीम के जेल से जमानत के बाद अपहरण की कहानी में आधी रात को थाना पुलिस ने जल्दबाजी में मुकदमा दर्ज कर लिया है अपहरण जैसे गंभीर धाराओं के मुकदमे में ठगी पीड़ित परिवार पर मुकदमा दर्ज करने के पहले पुलिस को घटनास्थल से लेकर रहीम के घर के बीच पड़ने वाले सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की तलाश करनी चाहिए वरना गंभीर धाराओं के अभियुक्त सजा पाने से बचते रहेंगे रहीम घर से चलने के बाद किन-किन लोगों से मिला किन-किन लोगों से वार्ता की लेकिन पुलिस ने इस मामले में बिना जांच पड़ताल के अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है जबकि तमाम गंभीर मामलों में कई कई दिन बीत जाने के बाद पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज करती है जिससे मुकदमा दर्ज करने वाली पुलिस की भी भूमिका सवालों के घेरे में है

**रामपुर सुहेला के पास किससे मिला था रहीम :**

कौशाम्बी कोखराज थाना क्षेत्र के बघेलापुर का ठगी के आरोपी रहीम के अपहरण की कहानी के बाद तमाम गंभीर सवाल खड़े हैं रामपुर सुहेला गांव के पास रहीम अपहरण वाली रात लगभग 8 बजे किससे मिला था चचाओं पर जाए तो मिनी बैंक चलाने वाले लोग भी उससे मुलाकात में शामिल थे यदि मुलाकात करने वाले लोगों की गतिविधियों की पुलिस जांच पड़ताल कर उनसे कड़ाई से पूछताछ कर ले तो रहीम के अपहरण की कहानी का खुलासा हो जाएगा जिन लोगों से रहीम की मुलाकात हुई है उनके मोबाइल की कॉल डिटेल इस घटना में अहम सुराग उगल सकती है

**क्या कौशांबी में दिनदहाड़े संभव है अपहरण :**

कोखराज थाना क्षेत्र के बघेला पुर गांव के ठगी के आरोपी रहीम के 10 सितंबर को दिनदहाड़े अपहरण के बाद पुलिस की कानून व्यवस्था पर भी तमाम सवाल खड़े हो गए हैं कि कौशांबी में दिनदहाड़े अपहरण की घटनाओ को अंजाम देकर अपराधी आसानी से फरार हो जाएंगे जब कि जगह-जगह पर हंड्रेड डायल पुलिस की गाड़ियां तैनात है मंझनपुर मुख्यालय आने वाली सड़क पर दिन भर लोगों का आना जाना लगा हुआ है तो फिर मुख्यालय की मुख्य सड़क पर दिनदहाड़े अपहरण की घटना को अंजाम देने की जुर्रत अपराधी कैसे कर सकते हैं इस अपहरण की घटना के बाद व्यवस्था पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं लेकिन घटना को आठ दिन बीत जाने के बाद ठगी पीड़ितों पर मुकदमा दर्ज करने के बाद थाना पुलिस इस मामले में रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है सीसीटीवी फुटेज के सहारे घटनाओं का खुलासा नहीं किया है घटना में तमाम साक्ष्य हवा में तैर रहे हैं लेकिन पुलिस अनजान है।

**अपहरण के बाद खुलासा न होने पर कोतवाल पर नहीं हुई कार्रवाई :**

कोखराज थाना क्षेत्र के बघेला पुर गांव के रहीम का 10 सितंबर को दिन दहाड़े अपहरण किए जाने के बाद मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने मामले में आधी रात को मुकदमा दर्ज कर लिया है रहीम की अम्मी फात्मा ने बाइक बरामद कर पुलिस को सौंप दी है लेकिन 8 दिन बीत जाने के बाद दिन दहाड़े जनपद मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर अपहरण जैसी गंभीर घटना का पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है जिससे कोतवाली पुलिस की लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे है समदा पैट्रोल पम्प के पास से रहीम की बाइक बरामद हुई है उस स्थल के आसपास हंड्रेड डायल पुलिस और थाना पुलिस की पिकेट ड्यूटी लगातार रहती है लेकिन अपहरण करने के बाद बेखौफ अपराधी खुलेआम फरार हो गए पुलिस हाथ मलती रह गयी अपहरण की घटना की पुलिस को जानकारी भी नहीं हो सकी अपहरण की घटना को 8 दिन बीत जाने के बाद भी खुलासा न होने के बाद अभी तक लापरवाह कोतवाल को निलंबित नहीं किया गया है।

**अपहरण के आरोपियों का घटना के पूर्व से मुंबई के अस्पताल में चल रहा है इलाज :** कोखराज थाना क्षेत्र के बघेला पुर गांव के रहीम का 10 सितंबर को अपहरण की घटना में मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने कबीर उद्दीन समेत 7 लोगों को आरोपी बनाया है कबीर उद्दीन का घटना के आठ दिन पहले से मुंबई के अस्पताल में इलाज चल रहा है उनके पैर की उंगलियां काटी गई है वह मुंबई के अस्पताल में बिस्तर से नीचे नही उतर पा रहे हैं तो हजारों किलोमीटर दूर वह अपहरण करने कैसे आएंगे कबीर के बेटे व अन्य लोग उनके इलाज में मुंबई के अस्पताल में उनके सहयोग में लगे हैं उनका लोकेशन उनके मोबाइल व मुंबई के अस्पताल से सीसीटीवी कैमरे से चेक किया जा सकता है लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने रहीम की अम्मी की तहरीर पर मुंबई में मौजूद लोगों को अपहरण की गम्भीर धारा में अभियुक्त बना दिया है और इस अपहरण का मुकदमा दर्ज होने के बाद ठगी के आरोपी रहीम और उनका परिवार अदालत से लाभ पाने की मंशा लिए घूम रहे हैं।

## सम्पादकीय

### मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालेंगी आतिशी

**दिल्ली** में आम आदमी पार्टी की सरकार में अब मुख्यमंत्री पद का दायित्व आतिशी संभालेंगी। 2020 में पहली बार विधायक बनीं आतिशी महज चार सालों में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगी, इसका अनुमान किसी को भी नहीं था, खुद आतिशी ने भी इस पद के बारे में कभी सोचा नहीं होगा। क्योंकि दिल्ली की सत्ता में आम आदमी पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा शुरू से अरविंद केजरीवाल ही रहे हैं, और आगे भी रहेंगे। उनके इस अघोषित दावे को चुनौती देने वाला पार्टी में कोई नहीं है और जिन लोगों को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व और पार्टी पर पकड़ से तकलीफ थी, वे पहले ही अलग हो चुके हैं।

बहरहाल, बीते वक्त में दिल्ली की सियासत में काफी उलटफेर हुई। अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति में कथित घोटाले के आरोप में मार्च 2024 में ईडी ने गिरफ्तार किया, ईडी की गिरफ्तारी में जमानत मिली तो जून में सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। इसी 13 सितंबर को श्री केजरीवाल को फिर जमानत मिली। इसके बाद सभी को अनुमान था कि वे हरियाणा चुनाव के प्रचार में जुटेंगे, लेकिन इससे पहले अपना इस्तीफा देकर उन्होंने सभी को चौंका दिया। अरविंद केजरीवाल के हटने पर मुख्यमंत्री की कुर्सी कौन संभालेगा, इसे लेकर कई नाम सामने आए। सुनीता केजरीवाल का नाम तो था ही, इसके अलावा कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, आतिशी जैसे तमाम मंत्रियों का नाम भी सामने आ रहा था। जिसमें बाजी आतिशी के हाथ लगी। हालांकि आतिशी ने विधायक दल का नेता चुने के बाद साफ कर दिया है कि वे अरविंद केजरीवाल को फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने के लिए काम करेंगी। उन्होंने खुद को बधाई दिए जाने से मना कर दिया कि यह दुख का अवसर है कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद छोड़ रहे हैं।

अब आतिशी बधाई स्वीकार करें या न करें, लेकिन आधिकारिक तौर पर अब उनका नाम देश के मुख्यमंत्रियों की सूची में शामिल हो रहा है। आतिशी देश की महिला मुख्यमंत्रियों की अनूठी सूची में अब दर्ज हो रही हैं। खास बात यह है कि दिल्ली को अब तीसरी महिला मुख्यमंत्री मिली है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित के बाद आतिशी दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री होंगी। देश के तमाम राज्यों में संभवतः दिल्ली की एक ऐसा राज्य है, जिसने तीन-तीन महिला मुख्यमंत्री दी हैं।

दरअसल आतिशी का महिला विधायक होना, उनके मुख्यमंत्री बनने के अनेक कारणों में से एक है। आम आदमी पार्टी से ही राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार पर मुख्यमंत्री निवास में ही मारपीट और उत्पीड़ित करने का गंभीर आरोप चुनावों के दौरान लगाया था। जिस पर बिभव कुमार गिरफ्तार हुए ही, विरोधियों को आप को महिला विरोधी दल साबित करने का मौका मिल गया। हालांकि आतिशी ने तब भी कहा था कि स्वाति मालीवाल प्रकरण भाजपा की शह पर हुआ है। अब आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर अरविंद केजरीवाल ने आप की महिला विरोधी छवि के दाग को मिटाने की कोशिश की है।

# विपक्ष पर दबाव का केजरीवाली आतिशी दांव

**– ललित गर्ग –**

**अरविंद** केजरीवाल राजनीति के चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजनीति में कुछ मौलिक प्रतिस्थापनाएं की है, बने-बनाये रास्तों पर न चलकर नये रास्ते इजाद किये हैं। वे संकटों को अवसर में बदलने वाले करिश्माई व्यक्तित्व भी हैं। उनकी राजनीति अनेक विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी रही है, उनके व्यवहार एवं वचनों में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित होते रहे हैं, लेकिन ये ही विरोधाभास उनकी राजनीतिक चमक का कारण भी बने हैं। क्योंकि राजनीति में सब जायज माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिलने से खुद को बंधा महसूस करते हुए उन्होंने इस्तीफे का धारदार दांव चलाकर राजनीतिक जगत में एक हलचल पैदा कर दी। वहीं पार्टी में संभावनाओं भरे अनेक चेहरों के होने के बावजूद उन्होंने आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया, जबकि वह वरिष्ठता क्रम में निचले पायदान पर खड़ी थी, लेकिन केजरीवाल ऐसे चौंकाने वाले फैसले पहले भी लेते रहे हैं। लेकिन इस तरह वे जनादेश का मजाक भी बनाते रहे हैं तो संवैधानिक स्थितियों की धता भी करते रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल साहस के कदम एवं चतुराई की आंख लेकर परम्परागत राजनीति की जंजीरों को तोड़कर आगे निकलते रहे हैं। संभावनाएं की जा रही थी कि केजरीवाल आम आदमी पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। अधिक संभावनाएं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाये जाने की थी। क्योंकि क्षेत्रीय दलों में किसी राजनीतिक या कानूनी संकट के चलते परिवार के ही किसी सदस्य को सत्ता की बागडोर सौंप देने परंपरा रही है। ताकि स्थितियां सामान्य होने पर फिर मुख्यमंत्री की गद्दी आसानी से वापस ली जा सके। इसके अनेक उदाहरण है, जिनमें बिहार में चारा घोटाले में घिरने के बाद लालू यादव ने पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता की बागडोर सौंपी थी। बहरहाल, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही अपने तरकश से जो तीर चले हैं, उनकी धार एवं तीक्ष्णता को महसूस किया जा सकता है। इन तीरों से हरियाणा व जम्मू कश्मीर चुनाव समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों में उलझी भाजपा व कांग्रेस पर केजरीवाल ने मनोवैज्ञानिक राजनीतिक दबाव तो बना ही दिया है। हरियाणा में स्वतंत्र चुनाव लड़ने का निर्णय लेकर उन्होंने सत्ता के गठन में स्वयं को एक ताकतवर मोहरे के रूप में प्रस्तुत करने का चतुराई भरा खेल भी खेला है। दिल्ली में भी उन्होंने अपनी निस्तेज होती स्थितियों को मजबूती दी है।

दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में वर्ष 2014 के इस्तीफे के दांव की तरह 2015 में आम आदमी पार्टी को मिली भारी जीत का अध्याय दोहरा देना चाहते हैं। लेकिन इस बार की स्थितियां खुद भ्रष्टाचार में लिप्त होने से खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी हैं। निस्संदेह, यह दांव मुश्किल भी पैदा कर सकता है क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। भले ही केजरीवाल अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वे अपने देश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। ह्यआपह्ल की राजनीति नियति भी विसंगति का खेल खेलती रहती है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी वाले वाले जेल जा रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? आप के शीर्ष नेताओं के लिये पहले श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। कैसे आप की राजनीति इस शर्म के साथ जनता से मुखातिब होगी और जनता क्या जबाव देगी, यह भविष्य के गर्भ में है।



जिन अप्रत्याशित हालात में एवं बहुत कम समय के लिये आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया गया है, वे बेहद चुनौतीपूर्ण हैं। विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राज्य में नेतृत्व परिवर्तन के कई उदाहरण हाल के वर्षों में दिखे हैं, लेकिन यह मामला उन सबसे अलग है। पिछले करीब दो साल न केवल आम आदमी पार्टी के लिए बल्कि दिल्ली सरकार के लिए भी इस मायने में चुनौतीपूर्ण रहे कि एक-एक कर उसके कई बड़े नेता और मंत्री जेल भेज दिए गए। दिल्ली का विकास मुफ्त की संस्कृति की भेट चढ़कर विकास को अवरुद्ध किये हुए हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल के जेल जाने के बाद संकट और गहराया। इन संकटपूर्ण हालातों में आतिशी ने पार्टी का प्रभावशाली ढंग से बचाव किया। उन्होंने सौरभ भारद्वाज और अन्य साथियों के साथ मिलकर सड़क से लेकर मीडिया तक आम आदमी पार्टी की जंग लड़ी, उससे कार्यकताओं में उनकी एक जुझारू छवि बनी है। ऐसे में, उनसे उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। क्या अतिशी अपने राजनीतिक कौशल से यह पद पाया है या वे केजरीवाल की राजनीति का एक मोहरा-भर बनी है? उनके हिस्से में यह पद तब आया जब पार्टी के दो सबसे बड़े नेताओं-अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया-ने कह दिया कि वे नए सिरे से जनादेश हासिल करने के बाद ही पद पर बैठेंगे। अगर पार्टी जनादेश हासिल नहीं कर पाती तब तो उन्हें पद छोड़ना ही पड़ेगा, अगर पार्टी चुनाव जीतती है तब भी मुख्यमंत्री पद से उनका हटना लगभग तय है। इन स्थितियों में कांटोंभरा ताज पहनकर उनके कामकाज एवं प्रभावी नेतृत्व का क्या औचित्य है?

अतिशी एक वफादार एवं जिम्मेदार नेता के रूप में अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रही है। पार्टी के लिये उनके समर्पण एवं अटूट निष्ठा की मुद्रा विधायक दल की नेता चुने जाने के वक्त भी सामने आयी, जब आतिशी ने सार्वजनिक रूप से यह कहा कि वह सिर्फ अगले चुनाव तक पदभार संभाल रही हैं, पार्टी के भीतर किसी नए केंद्र की आशंका को तिरोहित करना तो है ही, कहीं न कहीं यह वरिष्ठ नेताओं की आहत महत्वाकांक्षाओं पर मरहम रखना भी है। आतिशी का यह पहला कार्यकाल है, और किसी गैर-राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि की महिला का पांच साल के भीतर यूं मुख्यमंत्री की कुरसी तक पहुंचने का यह विरल उदाहरण भी है। अतिशी दिल्ली जैसे सुबे की मुखिया बनी हैं, जिस दिल्ली ने सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित जैसी दिग्गज महिला नेताओं का शासन देखा है। कुल मिलाकर, दिल्ली में शुरू हुए आप के इस नए प्रयोग और उसके नतीजों पर सबकी नजरें होंगी।

अरविंद केजरीवाल ने महाराष्ट्र और झारखंड के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव कराने की मांग की है, उनकी यह मांग अस्वीकृत हो गयी है, फिर भी अगले साल फरवरी के पहले पखवाड़े तक दिल्ली में चुनाव कराने होंगे। केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सोची-समझी रणनीति के तहत ही दिया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव को अपनी ईमानदारी के जनमत संग्रह के रूप में दर्शा सकें। उनका मकसद भाजपा सरकार द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के आरोपों का मुकाबला करने तथा खुद को राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में दिखा जनता की सहानुभूति अर्जित करना भी है। लेकिन इस तरह की राजनीतिक चतुराई में अगर कोई आधार नहीं होता, कोई तथ्य नहीं होता, कोई सच्चाई नहीं होती तो दूसरों के लिए खोदे गए खड्डों में स्वयं एक दिन गिर जाने की स्थिति बन जाती है। कुछ लोग इस प्रकार से प्राप्त जीत की खुशी मनाते हैं, कुछ इस प्रकार की हार की खुशी मनाते हैं, जो कभी जीत से भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि गलत तरीकों से प्राप्त जीत से सिद्धांतों पर अडिग रहकर हारना सम्मानजनक होता है। निस्संदेह, जनता से ईमानदारी का प्रमाण पत्र हासिल करने की योजना उनकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा जान पड़ती है।

केजरीवाल को अतिशी रूपी दांव से ज्यादा लाभ शराब घोटाले में नाम आने व गिरफ्तारी के बाद तुरंत इस्तीफा दे देते तो मिलता। ऐसे में, आतिशी के पास अपनी शासकीय छाप छोड़ने के साथ आप की राजनीतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने की बड़ी जिम्मेदारी है।

# प्राकृतिक वनस्पति, पेड़-पौधों, औषधीय पौधों की दृष्टि से उत्तराखंड भारत का एक सम्पन्न राज्य

**सुनील कुमार**

**प्राकृतिक** वनस्पति, पेड़-पौधों, औषधीय पौधों की दृष्टि से उत्तराखंड भारत का एक सम्पन्न राज्य है और यहां प्राकृतिक हरियाली देखते ही बनती है। यहां की वनस्पति अक्षत वनस्पति है। अक्षत यानी कि एक प्रकार से प्राकृतिक वनस्पति। वास्तव में प्राकृतिक वनस्पति प्रकृति की देन होती है जो कि अपने आप पैदा होती है और जिस पर लंबे समय तक मानव का प्रभाव नहीं पड़ता है। फसलें,फल और बागान इसके अंतर्गत नहीं आते, हालांकि ये भी वनस्पति ही हैं। उत्तराखंड की जलवायु व मिट्टी अपने आप में अनोखी है और इसमें पेड़-पौधे और विभिन्न वनस्पतियां प्राकृतिक रूप से अपने आप विकास करतीं हैं।ओलियंडर, पॉइन्सेटिया और अमरूद यहां मुख्य पेड़ हैं। कहना गलत नहीं होगा कि ये पेड़ राज्य की सीमाओं के भीतर महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, प्रतीकात्मक और पारिस्थितिक मूल्य रखते हैं। वैसे तो यह पेड़ पौधों की अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं लेकिन कुछ प्रमुख प्रजातियों में क्रमशः बांज, बुरांस(उत्तराखंड का राज्य वृक्ष), कांस, देवदार, कुळें , चीड़ , पय्यां, अयांर , माळू ,ग्वीर्याळ , रंसुळा ,कैल ,रिंगाळ ,सेमल,तोण ,डेंकण, भ्योल या भीमल, खड़ीक, गैंठी, पीपळ ,खर्सु ,मोरु,कण्डाळ, ,मळसु, भंगेलु शामिल हैं। वैसे उत्तराखंड में देवदार, स्प्रूस और फर जैसे शंकुधारी वृक्षों का प्रभुत्व है। साल, सागौन और ओक जैसे चौड़े पत्तों वाले पेड़ भी यहां प्रमुख हैं। सच तो यह है कि उत्तराखंड भारत के कुछ सबसे विविध और सुंदर जंगलों का घर है। यहां उप-उष्णकटिबंधीय वनों से लेकर अल्पाइन वनों तक, विभिन्न प्रकार के वनों की एक श्रृंखला है। ये जंगल पौधों और जानवरों की कई प्रजातियों के लिए आवास प्रदान करते हैं, साथ ही स्थानीय समुदायों के लिए संसाधन भी प्रदान करते हैं। वैसे उत्तराखंड उपोष्णकटिबंधीय वन, उपोष्णकटिबंधीय शुष्क वन, उपोष्णकटिबंधीय आर्द्र वन, कोणीय वन, पर्वतीय समशीतोष्ण वन, अल्पाइन वन, अल्पाइन झाड़ियां तथा घास के मैदान और टुंडा वन समेत कुल आठ प्रकार के वनों का घर है। ओलियंडर, पाइंसेंटिया, लालफ्रैन्जी पैनी, अमरूद,गोल्डन शावर ट्री, काला टिड्डा, रेशमी ओक, पवित्र अंजीर,आडू,नीम, मीठी चेरी, नीला जकारांडा, देवदार,पीला ओलियंडर, पपीता, कपूर का पेड़, आर्किड वृक्ष, नोरफोक द्वीप पाइन, अनार और आम यहां के प्रमुख पेड़ हैं। इन सभी के बीच जानकारी देना चाहूंगा कि बांज नामक पेड़ को उत्तराखंड का सोना कहां जाता है। बांज नामक पेड़ का बहुत महत्व है।



बाँज या बलूत या शाहबलूत एक तरह का वृक्ष है जिसे अंग्रेजी में 'ओक' कहा जाता है। बाँज फागेसिई कुल के क्वेकस गण का एक पेड़ है। इसकी लगभग 400 के आसपास किस्में ज्ञात हैं, जिनमें कुछ की लकड़ियाँ बड़ी मजबूत और रेशे सघन होते हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इसके पेड़ भारत के अलावा अनेक देशों, पूरब में मलयेशिया और चीन से लेकर हिमालय और काकेशस क्षेत्र होते हुए, सिसिली से लेकर उत्तर ध्रुवीय क्षेत्र तक में पाये जाते हैं। इसकी पहचान इसके पत्तों और फलों से होती है। इसके पत्ते खाँचेदार होते हैं और फल सामान्यतः गोलाकार और ऊपर की ओर नुकीला होता है। नीचे प्याले के ऐसे अनेक सहचक्र शल्क लगे रहते हैं। कुछ बाँज फल मीठे होते हैं और कुछ कड़ुए। कुछ बाँज फल खाए जाते हैं और कुछ से टैनिन प्राप्त होता है, जो कि चमड़ा पकाने में काम आता है। बाँज के फल सूअरों को भी खिलाए जाते हैं। खाने के लिए फलों को उबालकर, सुखाकर और आटा बनाकर केक बनाते हैं। उबालने से टैनिन निकल जाता है। यह सबसे अधिक उपयोग में आने वाला पर्यावरण का अहम् रक्षक पेड़ है। इस पेड़ की उत्तराखंड में कुल पांच प्रजातियां पाई जाती हैं। सच तो यह है कि बांज का पेड़ सदाबहार पेड़ है जो वर्षभर हरा भरा रहता है। वर्षभर हरा भरा रहने के कारण यह चारे की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। बांज के पेड़ की पहाड़ी क्षेत्र की भूमि में नमी कायम रखने, जल संसाधनों की पूर्ति करने में अहम् भूमिका है। माना जाता है कि जहां पर बांज के पेड़ पाये जाते हैं वहां आसपास पानी की प्रचुर उपलब्धता(पानी का चश्मे आदि)रहती है। नालों, धाराओं का सतत प्रवाह बनाए रखने में बांज के वृक्ष काफी सहायक सिद्ध होते हैं। यह पेड़ मिट्टी के कटाव को रोके रखता है। खनिजों से गुणवत्ता बढ़ाने में भी बाँज के पेड़ का उल्लेखनीय योगदान रहता है। यह पेड़ पर्यावरण व विभिन्न प्राकृतिक क्रियाओं में संतुलन बनाए रखने में भी मददगार साबित होता है। वास्तव में बांज का पेड़ प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से मनुष्य की दैनिक व आर्थिक क्रियाओं से भी जुड़ा हुआ है। यह धीमी गति से बढ़ता है और इसका घनत्व अधिक होने के साथ साथ ही यह कठोर होता है और ठंड प्रधान क्षेत्रों में पैदा होता है। इसकी जड़ें गहरी, लंबी होने व भूमि में इनका अधिक फैलाव होने के कारण ये मिट्टी का कटाव नहीं होने देती और भूस्खलन होने से बचाव होता है। बांज के पेड़ मनुष्य के स्वास्थ्य के साथ ही पर्यावरण का भी स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करते हैं। हालांकि बांज भूमि की उपजाऊ शक्ति को कम करते हैं लेकिन इसकी पत्तियां सड़ गलकर भूमि की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाती हैं।यह अन्य कई प्रकार की विशिष्ट वनस्पति प्रजातियों को फलने-फूलने के लिए उचित वातावरण भी प्रदान करता है, जिसका सबसे अच्छा उदाहरण बरसात के दिनों में देखा जा सकता है जब बाँज के तने एवं शाखाओं को अनेक प्रकार की वनस्पति की प्रजातियाँ ढक लेती हैं जैसे औरकिड, मौस, फर्न, लाइकन इत्यादि इत्यादि। जानकारी देना चाहूंगा कि उत्तराखण्ड में बांज के वनों का विस्तार विभिन्न ऊँचाइयों पर मुख्य रूप से नम तथा उत्तरी ढलानों में पाया जाता है। सामान्यतः ये वन समुद्र तल से 1200 मीटर (4000 फीट) की ऊँचाई से लेकर 2500 मीटर (8300 फीट) के मध्य पाये जाते हैं।

इस वृक्ष की विभिन्न प्रजातियों में तिलांज बाँज एवं खरसू बांज अत्यधिक ऊँचाई में पाये जाते हैं जबकि रियांज बाँज मध्यवर्ती ऊँचाइयों में उगता है। फलियाँट प्रजाति, जो बाँज की भांति ही निचले एवं बसासत वाले क्षेत्रों की विशेषता है, बाँज के समान विस्तृत रूप से नहीं पाई जाती। स्वाभाविक रूप से सभी प्रजातियों में बाँज ही सबसे अधिक जानी भी जाती है और पाई भी जाती है। वास्तव में कहना गलत नहीं होगा कि सभी प्रजातियों में बाँज ही सबसे अधिक जानी भी जाती है और पाई भी जाती है। जानकारी मिलती है कि प्रायः 20 वर्ष पुराना होने पर बांज के पेड़ पर फल लगते हैं। पेड़ दो से तीन सौ वर्षों तक जीवित रहता है। इसकी ऊँचाई साधारणतया 100 से 150 फुट और घेरा 3 से 8 फुट तक होता है। कुछ बाँज सफेद होते हैं, कुछ लाल या काले। कुछ बाँजों से कॉर्क भी प्राप्त होता है। सफेद और लाल दोनों बाँज अमरीका में उपजते हैं। भारत के हिमालय में केवल लाल या कृष्ण बाँज उपजता है। बाँज का काष्ठ ९०० वर्षों तक अच्छी स्थिति में पाया गया है। काष्ठ सुंदर होता है और उससे बने फर्नीचर उत्कृष्ट कोटि के होते हैं। एक समय जहाजों के बनाने में बाँज का काष्ठ ही प्रयुक्त होता था। अब तो उसके स्थान पर इस्पात प्रयुक्त होने लगा है। आज मानव कुप्रभावों के कारण बांज के पेड़ शिकार हुए हैं और इसको बीजों को अनेक जंगली पशु खाते हैं और नष्ट करते हैं। विभिन्न कीटों, फंफूद व रोगों के कारण इस वृक्ष पर संकट बना हुआ है। फलियांट, फनियांट, हरिन्ज, रियाज, बांज, सांज बांज, तिलंज, मोरू, तिलोंज , खरसू या खरू बांज की ही विभिन्न प्रजातियां हैं, जो उत्तराखंड में मिलती हैं। पशुओं के भोजन से लेकर , कृषि यंत्रों के निर्माण, मकान निर्माण , ईंधन में बांज का प्रयोग किया जाता है। इस की हरी पत्तियों को पशुओं के चारे के रूप में तथा पत्तियों के गलने पर खाद के रूप में इनका प्रयोग किया जाता है। इसकी इमारती लकड़ी बहुत काम की मानी जाती है। आज भी उत्तराखंड के लोगों का प्रमुख धंधा कृषि और पशुचारण ही है। उत्तराखंड में दुधारू पशुओं भेड़, बकरियों, गायों की कोई कमी नहीं है और पशु चारे की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है जो कि वनों से ही पूरी की जाती है। भोजन पकाने के लिए भी ईंधन का विकल्प लकड़ी ही ज्यादा है। इसलिए शायद बांज के वनों का लगातार ह्रास हो रहा है। किसान भी खाद बनाने के लिए बाँज की हरी व सूखी पत्तियों का अधिकाधिक उपयोग करते हैं तथा कृषि में काम आने वाले औजारों इत्यादि के लिए व ऐसे ही विविध उपयोगों में भी बाँज की लकड़ी अपने निहित गुणों के कारण प्राचीन समय से उपयोग में आती रही है। शायद यही कारण है कि बांज पर खतरा मंडराने लगा है। अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर इन बांज के पेड़ों को हम कैसे बचाएं ? तो इसका उत्तर यह है कि हम बांज के पेड़ों को काटे नहीं। केवल सड़ गल चुके पेड़ों व सूखे पेड़ों को ही मनुष्य द्वारा काम में लिया जाना चाहिए। अविकसित पेड़ों के विकास पर पर्याप्त ध्यान रखा जाना चाहिए। पेड़ों की वैज्ञानिक पद्धति से छंगाई कटाई की जानी चाहिए। ईंधन के विकल्प खोजें जाने चाहिए, यथा मिट्टी का तेल, गैस आदि का उपयोग किया जा सकता है।

# भविष्य के लिए खतरनाक है शासन का 'एनकाउंटर मॉडल'

**– संदीप सिंह**

**आज** उत्तर प्रदेश आईटी, विनिर्माण या ऑटोमोबाइल का केंद्र होने की बजाय सस्ते श्रम का कारखाना है जहां के मजदूरों की मार्मिक कथाएं पूरे देश और दुनिया में बिखरी हुई हैं। भविष्य के लिए कोई तैयारी नहीं की गई। न खेती किसानी में नवोन्मेष लाया गया, न ही स्किल और गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया गया, न वस्तुओं के उत्पादन पर।

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में 28 अगस्त को दिनदहाड़े हुई डकैती में शामिल एक आरोपी मंगेश यादव का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया। डकैती के मुख्य आरोपी का नाटकीय ढंग से सरेंडर, तीन के पकड़े जाने और एक आरोपी के एनकाउंटर के बाद पूरे प्रकरण पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मंगेश के परिवार का आरोप है कि पुलिस उन्हें घर से उठा कर ले गई थी। दो दिन कस्टडी में रखा और फिर मार दिया।

प्रदेश में जबसे भाजपा सरकार आई है, गवर्नेंस में एक 'गन कल्चर' शुरू हुआ है। इसे आप भाजपा का 'ठोंक दो' मॉडल कह सकते हैं। आप आए दिन मुख्यमंत्री के मुंह से 'मिट्टी में मिला दूंगा' जैसे हिंसक और गैरकानूनी जुमले सुन सकते हैं। इसका नतीजा प्रदेश में ताबड़तोड़ एनकाउंटर के रूप में सामने है, जिसपर सवाल ही सवाल हैं।

20 मार्च, 2017 से सितंबर, 2024 के बीच एनकाउंटर में कुल 207 अपराधी मारे गए और 17 पुलिसकर्मियों की भी मौत हुई। लगभग सात सालों की इस अवधि में यूपी पुलिस ने कुल 12964 एनकाउंटर किए। यानी प्रदेश में हर दिन औसतन 5 से ज्यादा एनकाउंटर की घटनाएं हो रही हैं और औसतन हर 13 दिन में एनकाउंटर के माध्यम से एक हत्या हो रही है।

अगर इन आंकड़ों को जातीय आधार पर देखें तो इनमें 67 मुस्लिम, 20 ब्राह्मण, 18 ठाकुर, 17 जाट और गुर्जर, 16 यादव, 14 दलित, 3 ट्राइब्स, 2 सिख, 8 अन्य ओबीसी और 42 अन्य जातियों के लोग शामिल हैं। इनमें लगभग 80प्रतिशत संख्या अल्पसंख्यक, खासकर मुस्लिमों और दलित पिछड़ों की है जो इस आरोप को बल देती है कि यूपी में जाति-धर्म के आधार पर,



अमानवीय ढंग से राजनीतिक मकसद से एनकाउंटर किये जा रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल लगातार हो रहे एनकाउंटर के मकसद पर है। क्या इससे कानून व्यवस्था बेहतर हुई है? एनकाउंटर का सीधा मतलब है कि अपराधी ने पुलिस पर गोली चलाई और पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। आंकड़ों से स्पष्ट है कि हर दिन कम से कम 5 मामलों में अपराधी पुलिस पर गोलियां चला रहे हैं और बदले में पुलिस गोलियां चला रही है? इसी एक तथ्य से 'यूपी में अपराधी थर-थर कांपते हैं' जैसे जुमलों और कानून-व्यवस्था की पोल खुल जाती है।

दूसरे, अगर नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े देखें तो अपहरण, हत्या, रेप और महिलाओं के खिलाफ अपराध और गैंगरेप के मामलों में भी यूपी देश में सबसे ऊपर है। हिरासत में मौतें और एनकाउंटर के मामलों में भी यूपी सबसे ऊपर है।

कैसी विडंबना है कि देश के सबसे बड़े प्रदेश में बढ़ते अपराधों को नियंत्रित करने के लिए वही तरीका अपनाया जा रहा है जो अपराधी अपनाते हैं। कभी इसके तह में जाने की कोई बात नहीं होती कि आखिर युवा अपराध की तरफ क्यों मुड़ रहे हैं? क्योंकि प्रदेश में भयंकर बेरोजगारी है। यूपी का सिस्टम बंद पड़ा है। नेता-अधिकारी-ठेकेदार-दलाल गठजोड़ प्रदेश के संभावना पर ही कुंडली मारकर बैठा हुआ है। शिक्षा का स्तर बदतर है। भविष्य की कोई आशा नहीं है और किसी के हाथ में कोई काम नहीं है। एक गंभीर बीमारी, कोई दुर्घटना या शादी-विवाह का आयोजन जाने कितने परिवारों को कर्ज और गरीबी के दुश्चक्र में धकेल देता है।

अगर तमिलनाडु जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्य से यूपी की तुलना करें तो जनसंख्या की दृष्टि से यूपी तीन गुना बड़ा राज्य है। लेकिन तमिलनाडु का सकल राज्य घरेलू उत्पाद यूपी से ज्यादा है। वित्त वर्ष 2023-24 में यूपी का सकल राज्य घरेलू उत्पाद, 24.39 लाख करोड़ और तमिलनाडु का 28.3 लाख करोड़ है।

दो दशक पहले, 2004-2005 के आंकड़े देखें तो यूपी की अर्थव्यवस्था का आकार तमिलनाडु की तुलना में 19 प्रतिशत ज्यादा था। यह स्थिति 2013-2014 तक बनी हुई थी। इसके बाद यूपी की अर्थव्यवस्था गिरनी शुरू हुई और आज तमिलनाडु से पीछे है। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार, 2023 में तमिलनाडु की प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 75 हजार रही, जबकि यूपी की प्रति व्यक्ति आय मात्र 84 हजार रही।

इन तथ्यों से पता चलता है कि यूपी कहां खड़ा है। प्रदेश में जितने पारंपरिक व्यवसाय और उद्योग थे, मसलन- लकड़ी, होजरी, कपड़े, स्टील, चमड़ा, कांच, ताला, बुनकरी, हस्तशिल्प, बर्तन, आदि सब साल-दर-साल ढलान की ओर हैं। पिछले 30-40 सालों में आबादी के हिसाब से न तो उद्योग बढ़े, न नौकरियां-रोजगार बढ़े और न शिक्षा का स्तर बढ़ा।

नोटबंदी और कोविड महामारी के दौरान जो नीतिनिर्मित आर्थिक तबाही आई, उससे यूपी भी अछूता नहीं रहा। आज उत्तर प्रदेश आईटी, विनिर्माण या ऑटोमोबाइल का केंद्र होने की बजाय सस्ते श्रम का कारखाना है ।

# सीडीओ ने राजनैतिक दलों के साथ की मतदेय स्थलों के संभाजन सम्बन्धी बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर की अध्यक्षता में बुधवार को मतदेय स्थलों के संभाजन के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।



मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों का संभाजन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में जहां नई आवासीय कालोनियां गत कुछ वर्षों में बनी हैं, उसमें नागरिक निवास करने लगे हैं तो यहां पर यथा आवश्यकता नया पोलिंग स्टेशन बनाया जा सकता है। कहा कि अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलों को इस मतदान क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध अस्थाई भवन में स्थानांतरित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदेय स्थलों को चिन्हित किया जाए जो मुख्य गांव, बस्ती से पर्याप्त दूरी पर है, उन मतदेय स्थलों को वहां से हटाकर मतदान क्षेत्र के अंतर्गत किसी सुविधाजनक भवन में स्थापित किया जाए, यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए की पोलिंग स्टेशन की दूरी लगभग 2 किलोमीटर से अधिक न हो। साथ ही जिन मतदेय स्थल की भवन पुरानी एवं जर्जर नहीं है, वहां मतदाताओं को 2 किलोमीटर से अधिक दूरी चलने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मतदेय स्थल की स्थिति में परिवर्तन न किया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों और असक्त मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल पर रैम्प की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीति दल या मजदूर यूनियन के कार्यालय से 200 मीटर के अंदर कोई भी मतदेय स्थल नहीं बनाया जाए। कहा कि यदि कोई मतदेय स्थल निजी भवन में स्थापित है और वहां शासकीय भवन उपलब्ध हो गए हैं तो उन मतदेय स्थलों को शासकीय भवनों में स्थानांतरित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई मतदेय स्थल दुकान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, व्यक्तिगत सामुदायिक केन्द्र, विवाह घर अथवा ऐसे भवन जिनका स्वामित्व किसी राजनीतिक व्यक्ति के पास है। ऐसे मतदेय स्थलों के लिए विकल्प तलाश कर उनको हस्तांतरित कर दिया जाए। मतदेय स्थलों को बनाते समय एएमएफ सम्बन्धित सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थलों की आलेख सूची को डीआईओ की वेबसाइट पर अवश्य अपलोड कर दिया जाए ताकि जन सामान्य से भी शिकायतें व सुझाव प्राप्त हो सके। बहुत से मतदेय स्थलों पर राजनैतिक दलों द्वारा सहमत जताई गई। उन्होंने सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें। जिससे इसका समाधान किया जा सके। उन्होंने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि कोई सुझाव हैं तो अवगत कराए, उसका निस्तारण किया जाएगा।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा शाहू, उप जिलाधिकारी सौरभ यादव, अध्यक्ष लोहिया वाहिनी सपा अमर पटेल, कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष अपना दल यश राम सिया पटेल, जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी शिवबाबू वर्मा आदि मौजूद रहे।

## पुनरीक्षण कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अधिकारियों के स्थानान्तरण पर लगी रोक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के अंतर्गत 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में प्रमुख भूमिका निभाने वाले अधिकारियों तथा जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों उप जिलाधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा बूथ लेवल ऑफिसर्स को आयोग की अनुमति के बिना पुनरीक्षण अवधि आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर से अन्तिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 तक स्थानांतरित करने पर रोक लगा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में पुनरीक्षण कार्य में उन अधिकारियों, कर्मचारियों को फोटो युक्त निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 की अवधि आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर से अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 तक आयोग की अनुमति प्राप्त किए बिना स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

## प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मण्डलीय खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कालपी जालौन के तत्वाधान में दस दिवसीय एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत 200 प्रशिक्षार्थियों का समापन रामायण मेला परिसर सीतापुर में डिप्टी कमिश्नर संदीप कुमार केशरवानी ने किया। डिप्टी कमिश्नर संदीप कुमार केशरवानी ने कहा कि इस प्रशिक्षण को प्राप्त करके आप लोग अपने उत्पाद को बाजार की मांग के हिसाब से तैयार करें ताकि अधिक लाभ आपको मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान किया। प्रधानाचार्य मण्डलीय खादी ग्रामोद्योग बोर्ड कालपी जालौन ने इस प्रशिक्षण का महत्व बताया और इस प्रशिक्षण के लाभ बताए। साथ ही पीएमजीपी, ओडीओपी ऋण योजना की भी जानकारी प्रदान किया। संचालन राकेश कुशवाहा ने किया। इस मौके पर प्रशिक्षक अमरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अनुपम, बॉबी शर्मा, नागेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छता पखवाडा के तहत चलाया सफाई अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत स्पोर्ट स्टेडियम में स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षकों खिलाडियों एवं स्टाफ द्वारा साफ सफाई की गई। बालिकाओं ने स्टेडियम के बिल्डिंग के सामने स्वच्छता का कार्य किया। मुख्य रूप से क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार, फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन, जीतू यादव ने भाग लिया।

## 23 सितम्बर तक जमा करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानिकपुर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में तृतीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के बाद परिणामी रिक्त सीटों के सापेक्ष राजकीय संस्थानों के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन की स्थिति के अनुसार पंजीकरण संख्या एवं जन्म तिथि की प्रविष्टि करने पर उसकी रैंक प्रदर्शित होगी। जिसका प्रिंट आउट प्राप्त कर अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के समय जनपद में दिए गए संस्थानों एवं व्यवसायों विकल्प के सापेक्ष उपलब्ध रिक्त सीट पर आवंटन के लिए जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 23 सितंबर तक जमा कर सकते हैं।

# ललितपुर में घटना कारित करने वाले आरोपियों पर कार्यवाही की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पटेल सेवा संस्थान ने जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल के नेतृत्व में प्रदर्शन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा।



पटेल सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि जनपद ललितपुर स्थित नाराहट के ग्राम गौना में इंदल पटेल के घर पहुंचकर दबंगों द्वारा की गई मारपीट, तोड़फोड़ एवं इंदल पटेल पर पेट्रोल डालकर जला कर जान से मारने की घटना ने फिर गुंडा राज की पोल खोल दी है। गौरतलब है कि इस गुंडा राज के शिकार दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज के लोग ही हो रहे हैं, जो खेद जनक है। जिसकी पटेल सेवा संस्थान घोर निन्दा करता है। साथ ही अपराधियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग करता है। जिला महामंत्री देवेन्द्र सिंह ने दबंगो के हौसले बुलंद हो रहे हैं। दबंगो को फांसी की सजा दी जाए। जिससे दुबारा ऐसी घटना को अंजाम न दे सके।इस मौके पर फौजी रामसिया पटेल, जब्बार पटेल, जसवंत सिंह पटेल, जवाहरलाल पटेल, शिवबली पटेल, दीपक पटेल, हेम सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि बढाई गई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नियामित पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढाकर अब 30 सितंबर तक कर दिया गया है। इस आशय का निर्णय प्रवेश समिति की बैठक में लिया गया है। जन संपर्क अधिकारी डॉ जय प्रकाश शुक्ल ने बताया कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित यूजी, पीजी स्तर के डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट स्तर के सभी नियामित पाठ्यक्रमों में प्रवेश और प्रवेश के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीकरण 30 सितंबर तक होंगे।

# गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने बताया कि उप निरीक्षक चन्द्रमणि पाण्डेय, उप निरीक्षक यूटी शिवम कन्नौजिया एवं उनकी टीम द्वारा संदीप कुमार उर्फ दीपू मिश्रा निवासी अगरहुंडा को 2 किलो 110 ग्राम सूखा गांजा व बिना रजिस्ट्रेशन की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से गांजा बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सरधुवा में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही मोटर साइकिल को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।




## चित्रकूट में अचानक बढ़ा यमुना का जलस्तर, तेज बहाव पार कर स्कूल जाने को मजबूर हैं बच्चे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बरसात का मौसम चल रहा है और पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। इससे गंगा और यमुना सहित कई नदियों का जलस्तर काफी समय से बढ़ा हुआ है। इन नदियों के तेज बहाव से लोगों के घर गिर गए हैं। यहां तक कि कई जगह सड़कें बह गई और बड़े.बड़े पेड़ गिर गए। इसी तरह बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले से बहने वाली यमुना नदी का जलस्तर भी बढ़ा हुआ है। इसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैण् यमुना नदी का जलस्तर बढ़ जाने से सड़कों पर पानी भर गया है जिससे लोगों को आवागमन में काफी समस्या हो रही है। अपनी जान जोखिम में डालकर लोग पानी से लबालब भरे रोड को पार कर अपने घर और बाजार आते.जाते हैं।



हम बात कर रहे हैं चित्रकूट के मऊ तहसील की जहां यमुना नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से मवई कला सिघनिया पुलिया के ऊपर से पानी बहने लगा हैण् पानी के इस बहाव में स्कूली बच्चों के साथ.साथ आने जाने वाले राहगीर भी उस बहते पानी में रोड को पार करते हुए नजर आ रहे हैंण् वहां मौजूद किसी ने बहते पानी में लोगों के आने जाने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में शेयर कर दियाण् अब यह वीडियो जिले में खूब वायरल हो रहा है।

# मुकुट व रामलीला का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्यालय के तरौहा में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला मुकुट पूजा व नारद मोह के मंचन से शुरू हुआ। राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया व पूर्व चेयरमैन नीलम करवरिया ने विधिवत पूजा अर्चन कर रामलीला का शुभारंभ कराया।

67 वर्ष पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने तरौंहा के रामलीला का शुभारंभ कराया। रामलीला के प्रमुख शंकर महाराज ने बताया कि कानपुर, हमीरपुर, बांदा,ि तंदवारी आदि क्षेत्र के कलाकार मंचन करेंगें। मुकुट पूजा के साथ रामलीला मंचन की शुरुआत हुई। नारद मोह के मंचन के अनुसार भगवान विष्णु ने नारद के घमंड को समाप्त कर उन्हे वैराग्य की ओर प्रेरित किया। मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध रहे। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका चेयरमैन नीलम करवरिया मौजूद रहीं।

## कृषि विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में कृषि विभाग से सम्बन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों उर्वरक उपलब्धता, वितरण एवं किसान क्रेडिट कार्ड, फसली ऋण वितरण, सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्वार कार्यक्रम योजना, नेशनल मिशन आन एडिबिल आयल, कृषि यंत्रीकरण, बुन्देलखण्ड गौ आधारित प्राकृतिक खेती, एग्री स्टैक अन्तर्गत खरीफ 2024 का डिजिटल क्रॉप सर्वे, खेत तालाब, नमसा एवं पं दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि की समीक्षा की गयी। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी ने योजनाओं की मदवार समीक्षा कर ससमय लक्ष्य की पूर्ति करने एवं कराये गये कार्यों की फोटोग्राफी एवं पीपीटी तैयार कराने के निर्देश दिये।

## यहां कीचड़ और दलदल वाले सड़क पर चलने को मजबूर हैं लोग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश में वैसे तो एक से बड़े एक एक्सप्रेस और हाइवे हैं और बड़ी.बड़ी बिल्डिोंगों वाले शहर हैंण् ऐसे प्रदेश में आज भी दौर में भी कई इलाके ऐसे जहां लोग नरक जैसा जीवन जीने को मजबूर हैंण् उन्हीं में से एक है चित्रकूट जिले का पाठा क्षेत्रण् यह इलाका आज भी बहुत पिछड़ा क्षेत्र हैण् यहां के कई गांव के लोगों को पक्की सड़कें आज तक नसीब नही हुईंण् ऐसी ऐसी सड़कें हैं जो सालभर गंदे पानी और कीचड़ से भरी रहती हैंण् लोग उसी कीचड़ और दलदल भरे रास्ते से निकलने को मजबूर हैंण् इस कीचड़ में कई बार पैर फिसलने और बाइक स्लिप होने से लोग गिरकर चोट खा जाते हैं।

हम बात कर रहे हैं चित्रकूट जिले के मानिकपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ददरी माफी गांव कीण् यहां आज भी लोगों को पक्की सड़क नसीब नहीं हो पाईण् बरसात के समय गांव का आलम यह रहता है कि कच्ची सड़कों में पानी भरने के साथ साथ लोगों के घरों तक पानी पहुंच जाता है। आज भी गांव के ग्रामीण मजबूरी में दलदल भरे रास्ते से निकलकर आवागमन करते हैंण् कई बुजुर्ग दलदल में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं लेकिनए आज तक गांव में पक्की सड़क का निर्माण नहीं करवाया गया है।

### बुजुर्गों सहित कई हो चुके हैं घायल



# चित्रकूट में फैला जानलेवा दिमागी बुखार, डॉक्टर ने बताये बचाव के उपाय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यूपी में बदलते मौसम के साथ बीमारियां भी अपना अलग.अलग रूप ग्रहण करने लगती हैण् ऐसे में इन दिनों चित्रकूट में दिमागी बुखार और प्लेटलेट्स का कम होना ज्यादातर मरीजों में देखा जा रहा हैण् इसको लेकर चित्रकूट का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया हैण् बता दें कि चित्रकूट में इन दिनों रोज लगभग 200 से ज्यादा मरीज बुखार और प्लेटलेट्स की कमी से अस्पतालों में पहुंच रहे हैं।

चित्रकूट जिले में जहां बदलते मौसम के साथ.साथ बीमारियां भी बदल रही हैंण् वहींए इस समय लोगों में दिमागी बुखार का प्रकोप सबसे ज्यादा घेरे हुए हैण् दिमागी बुखार लोगों को होने के कारण उनके प्लेटलेट्स कम हो जाती है और उनको वीकनेस भी होने लगती हैए जिससे वह गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं। बता दें कि इस गंभीर बीमारी के प्रकोप से अब तक कई लोगों की चित्रकूट जिले में जान भी जा चुकी हैण् अगर इसके बचाव और लक्षण की बात करेंए तो इसके बचाव के लिए सबसे पहले लोगों को आसपास साफ सफाई रखनी है और लोगों को मच्छर से अपने आप को बचाना है।

वहीं, चित्रकूट जिले की सीएमएस वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि इसके सबसे बड़े बचाव का उपाय यह है कि लोगों को मच्छर से बचना हैण् मच्छर से बचने के लिए फुल कपड़े पहनें और अपने आसपास साफ सफाई रखेंण् इसके साथ ही अगर बच्चे घर से बाहर खेलने जा रहे हैंए तो उनको फुल कपड़े पहने साथ ही अपने आस-पास पानी भी जमा होने ना दें।

अगर पानी जमा है तो उसे पर मिट्टी का तेल डाल दें या अन्य कोई कीटनाशक दवाई डाल देंण् उन्होंने प्लेटलेट्स के काम होने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अगर प्लेटलेट्स कम हो रही है तो लोग ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं और हॉस्पिटल में उपचार करवा कर बेड रेस्ट करें। इससे उनको आराम होने लगेगा।

## चित्रकूट में रौद्र रूप में मंदाकिनी नदी, रामघाट में आरती स्थल और सभी दुकानें हुई जलमग्न, जारी किया अलर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** धर्म नगरी चित्रकूट में लगातार हो रही बारिश से जहां सड़कें जलमग्न हो गई हैंए तो वहीं अब रामघाट के तट से बहने वाली मंदाकिनी नदी ने भी अपना रौद्र रूप दिखा दिया है। झमाझम बारिश के कारण मंदाकनी नदी का जल स्तर बढ़ गया है एजिससे रामघाट की सभी दुकानें जलमग्न हो गई हैं और व्यापारी अपनी दुकानें खाली करने में जुटे हुए हैं। आपको बता दें कि जनपद चित्रकूट में कल सुबह से लगातार मूसलाधार झमाझम बारिश हो रही थीए जिससे रात होते होते मंदाकिनी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और रामघाट की सभी सीढ़ियां डूब गईण् पानी इतना तेज बढ़ रहा था कि धीमे.धीमे रामघाट पर आरती स्थलए तुलसी दास मंदिर के साथ साथ वहां बनी दुकानें जलमग्न हो गई। मंदाकिनी नदी का लगातार जल स्तर बढ़ते देख रामघाट के सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानों से सामान हटाना शुरू कर दिया है। जानकारी के लिए बता दें कि मंदाकिनी नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने भी लोगों को अलर्ट कर दिया है और गोताखोरों की टीम को रामघाट पर तैनात कर दिया है और सभी व्यापारियों से दुकान खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए हैंण् लगातार मंदाकिनी के जलस्तर पर प्रशासन नजर बनाए हुए है।

## तेज बारिश से सामने आई धर्मनगरी चित्रकूट की पोल, सड़कें बनी तालाब


**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले को वैसे तो सरकार धार्मिक स्थल के रूप में काफी ज्यादा महत्व दे रही है लेकिन यहां के लोग अभी जिन स्थितियों में जी रहे हैं उनकी हालत बदतर हैण् तेज बारिश के कारण स्थिति और गंभीर हो गई हैण् पिछले कुछ दिनों से जंगलों में हो रही लगातार बारिश के कारण नदी.नाले उफान पर हैंण् इससे आज यहां के कई कस्बों में मुख्य बाजार की सड़कों में पानी भरने से आवागमन प्रभावित हो गया हैण् सुबह से हो रही जोरदार बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हो गई हैंए जिससे वाहनों और पैदल चलने वालों को अत्यधिक कठिनाई हो रही हैण् बाजार में पानी भर जाने से दुकानदारों को अपने सामान को सुरक्षित रखने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। हम बात कर रहे हैं चित्रकूट जिले के मानिकपुर तहसील के मुख्य बाजार की जहां कस्बे में तेज बारिश से स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई है। नदियों और नालों में उफान के साथ ही बाजार की सड़कें पानी से भर गई हैं। इससे वाहनों और पैदल चलने वालों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# विदेश संदेश

## अजरबैजान के साथ मिलकर ऐसा क्या कर रहा रूस जिससे भड़का ईरान?

**तेहरानः रूस** और ईरान की पक्की माने जाने वाली दोस्ती में दरार आनी शुरू हो गई है। दोनों के बीच तनाव की वजह बन रहा है, ईरान के पड़ोसी देश से गुजरने वाला एक कॉरिडोर है, जिसे रूस समर्थन दे रहा है। इस कॉरिडोर का नाम है- जेंजेजुर कॉरिडोर, जो रूस को अजरबैजान और उसके दूसरे प्रांत नखचिवन से होते हुए तुर्की से जोड़ेगा। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने हाल ही में इस कॉरिडोर का समर्थन किया है। लेकिन ईरान रूस के इस प्रस्ताव से नाराज है, क्योंकि यह कॉरिडोर आर्मेनियाई क्षेत्र से होकर गुजर रहा है। यह क्षेत्र ईरान की सीमा पर है और तेहरान इस कॉरिडोर को रणनीतिक खतरे और अपनी सीमाओं के उल्लंघन के रूप में देखता है।



रूस के राजदूत को बुलावा

इस कॉरिडोर को लेकर ईरान की राजधानी इससे समझी जा सकती है कि इसी 3 सितम्बर को तेहरान की नई पेजेश्कियान सरकार ने रूसी राजदूत को बुलावा भेज दिया। मिडिल ईस्ट आई से ईरानी विदेश मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि 'हमने मॉस्को को बता दिया है कि हम असंतुष्ट हैं।' जेंगजूर कॉरिडोर आर्मेनिया के स्यूनिक प्रांत से गुजरेगा। लेकिन दिक्कत यह है कि अजरबैजान सरकार इस कॉरिडोर के लिए पूर्ण संप्रभुता चाहती है। इसका मतलब है कि ईरान के लिए सीमाएं बदल जाएंगी, जो उसे स्वीकार नहीं है।

अजरबैजान की जीत से बदले समीकरण

ईरानी विदेश कार्यालय के सूत्र ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार दृढ़ है कि गलियारा आर्मेनियाई नियंत्रण में ही रहना चाहिए। वरना ईरान आर्मेनिया के साथ अपनी सीमा खो देंगे। इस गलियारे पर विचार ने साल 2020 के नागोर्नो-कराबाख संघर्ष के बाद गति पकड़ी है। इस संघर्ष में अजरबैजान की जीत ने स्थिति को बदल दिया है। तीन दशकों तक नागोर्नो-कराबाख का पहाड़ी क्षेत्र आर्मेनियाई नियंत्रण में था, लेकिन इस संघर्ष में तुर्की के हथियारों की मदद से अजरबैजान ने इसे हासिल कर लिया।

अजरबैजान की जीत के बाद रूस और तुर्की नए गलियारे पर जोर लगा रहे हैं। अजरबैजान ने तो यहां तक कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो गलियारे के लिए बल प्रयोग भी करने से नहीं हिचकेगा। इलाके के शक्ति समीकरण में बदलाव ने ईरान को परेशान कर दिया है। रूस के अजरबैजान के समर्थन में उतरने के साथ ही ईरान अपने राष्ट्रीय हितों को लेकर चिंतित है। इस बीच सभी की नजर 22 अक्टूबर को कजान में शुरू होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर हैं, जिसमें ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के मिलने की योजना है।

## बांग्लादेश हुआ मालामाल, पहले अमेरिका तो अब विश्व बैंक देगा 2 बिलियन डॉलर की सहायता राशि

**बांग्लादेश**

**विश्व** बैंक ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह चालू वित्त वर्ष में बांग्लादेश को दो अरब अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि देगा, यह दो अरब अमेरिकी डॉलर की राशि बांग्लादेश में महत्वपूर्ण सुधारों, बाढ़ से निपटने, बेहतर वायु गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी सुविधाओं के मजबूत विकास के लिए दी जाएगी.



विश्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अब्दुलाय सेक ने मंगलवार को ढाका में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मुलाकात के दौरान नयी सहायता राशि देने का वादा किया है. अब्दुलाय सेक ने कहा, "विश्व बैंक चालू वित्त वर्ष में बांग्लादेश को दिए जाने वाले कर्ज को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि अंतरिम सरकार के सुधार एजेंडे में मदद मिल सके.

मुख्य सलाहकार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी. यूनुस ने एक्स पर लिखा, "सेक के अनुसार विश्व बैंक चालू वित्त वर्ष में महत्वपूर्ण सुधारों, बाढ़ प्रतिक्रिया, बेहतर वायु गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं का समर्थन करने के लिए लगभग दो अरब डॉलर का अतिरिक्त सहायता राशि देगा.

इससे पहले अमेरिका ने भी बांग्लादेश को 200 मिलियन डॉलर की सहायता राशि दी थी. बांग्लादेशी फाइनेंस मिनिस्ट्री के अनुसार इन पैसों का इस्तेमाल वह युवाओं के कल्याण, हेल्थ सर्विसेज को बेहतर बनाने और व्यापार के अवसर बढ़ाने में करेगा. बांग्लादेश में भारी विरोध प्रदर्शन के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा जिसके बाद बांग्लादेश में राजनीतिक हालात पूरी तरह से बिगड़ गए. प्रर्दशनकारीयों ने प्रधानमंत्री आवास,संसद सहित तमाम जगहों पर तोड़फोड़ की. हालात बिगड़ने के बाद हिंदू समुदाय पर अत्याचार होने लगे. देश के कई प्रमुख हिंदू मंदिरों को तोड़ा गया और उन्हें आग के हवाले कर दिया गया।

## बेरूत भूतिया का शहर लग रहा था, हर तरफ खून... लेबनान में पेजर ब्लास्ट के बाद कैसे थे हालात

**बेरूतः लेबनान** में देशभर में बड़ी तादाद में पेजर ब्लास्ट हुए हैं। धमाकों में 2800 से ज्यादा लोग घायल हैं और नौ की जान चली गई है। धमाकों के बाद देशभर के अस्पताल हाई अलर्ट पर हैं और लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की जा रही है। लेबनान में धमाकों के बाद किस तरह की बबार्दी और तबाही का मंजर है, उसे स्थानीय लोगों ने बयान किया है। सीएनएन ने उन लोगों से बात की है, जो मंगलवार को हुए धमाकों के चश्मदीद हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने सीएनएन को बताया है कि मंगलवार को घातक पेजर विस्फोटों के बाद लेबनान की राजधानी बेरूत की सड़कों पर हर ओर खून से लथपथ लोग थे और हर तरफ से सिर्फ चीखें सुनने को मिल रही थीं।

अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ बेरूत मेडिकल सेंटर के बाहर सीएनएन से बात करने वाले स्थानीय शख्स ने कहा, हम सड़कों पर निकले और हमें ऐसा लगा जैसे हमारा शहर जोंबी का शहर बन गया था। घायल लोग सड़कों पर बिखरे पड़े थे। इन घायलों में कई ऐसे लोग थे।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अगले अध्यक्ष के चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा

**बीजिंग। अंतर्राष्ट्रीय** ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाख अगले वर्ष पद छोड़ देंगे। इस सूची में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बाख के उत्तराधिकारी के लिए उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की। वर्तमान आईओसी उपाध्यक्ष एंटोनियो समारांच जूनियर और आईओसी सदस्य और विश्व एथलेटिक्स अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए सहित 7 लोग हैं।

अगले साल मार्च में, आईओसी महासभा ग्रीस में नए अध्यक्ष का चुनाव करने के लिए मतदान करेगी। अन्य पांच अध्यक्ष पद के उम्मीदवार जॉर्डन के प्रिंस फैसल अल हुसैन, जिम्बाब्वे ओलंपिक चैंपियन किर्स्टी कोवेंट्री, इंटरनेशनल स्नो फेडरेशन के अध्यक्ष जॉन एलियाश और इंटरनेशनल साइक्लिंग यूनियन के अध्यक्ष डेविड लैपर्शेंट, इंटरनेशनल मोरिनारी वतनबे के अध्यक्ष वतनबे मोरिनारी हैं।

अगले साल जनवरी में, अध्यक्ष पद के उम्मीदवार स्विट्जरलैंड के लॉजेन में वीडियो के माध्यम से सभी आईओसी सदस्यों को एक बयान देंगे। पिछले महीने, जब पेरिस ओलंपिक करीब आ रहा था, वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाख ने घोषणा की कि अगले साल चेयरमैन के तौर पर उनका 12 साल का कार्यकाल खत्म हो रहा है और वह पद छोड़ देंगे।

ओलंपिक चार्टर में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष को सभी सदस्यों के वोट से चुना जाएगा, और अध्यक्ष पद के उम्मीदवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का सदस्य होना चाहिए। अध्यक्ष का पहला कार्यकाल आठ वर्ष का होता है। कार्यकाल की समाप्ति के बाद, अध्यक्ष पुनः चुनाव लड़ सकता है। सफल होने पर पुनः चुनाव का कार्यकाल चार वर्ष का होता है। बता दें कि सितंबर 2013 में, थॉमस बाख को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का अध्यक्ष चुना गया।



## लेबनान में पेजरों धमाके के कारण, 11 लोगो की मौत, 4000 जख्मी

**बेरूत। लेबनान** के स्वास्थ्य मंत्री फिरास अब्याद ने मंगलवार को कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर पेजरों में विस्फोट के कारण 4,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं और 11 लोगों की मौत हो गई।

श्री अब्याद ने कहा, "वर्तमान में, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने 4,000 से अधिक लोगों के घायल होने की सूचना दी है, जिनमें से 200 की हालत गंभीर है। 11 लोगों की मौत हो गई है, जिसमें आठ साल का एक बच्चा भी शामिल है।"

## आईडीएफ ने फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के सीनियर लीडर को मार गिराने का किया दावा

### इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) को राफा में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के एक सीनियर मेंबर को मार गिराने का दावा किया, आईडीएफ ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर हमला किया गया

**तेल अवीव। इजरायली** रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को राफा में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के एक सीनियर मेंबर को मार गिराने का दावा किया। आईडीएफ ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर हमला किया गया।

आईडीएफ के अनुसार, मारे गए आतंकवादी की पहचान अहमद ऐश सलाम अल-हशाश के रूप में हुई। वह पीआईजे की रॉकेट और मिसाइल यूनिट का प्रमुख था। आईडीएफ ने एक्स पर एक बयान में लिखा, "अल-हशाश राफा ब्रिगेड में इस्लामिक जिहाद के रॉकेट हमलों के लिए जिम्मेदार था।" बयान के मुताबिक अल हशाश गाजा में इस्लामिक जिहाद के भीतर रॉकेट अटैक के बारे में जानकारी का एक महत्वपूर्ण स्रोत था।



इजरायल ने यह भी दावा किया कि संघर्ष के दौरान अल-हशाश 'मानवीय क्षेत्र से इजरायली नागरिकों पर रॉकेट दागने' के लिए जिम्मेदार था।

आईडीएफ ने दावा किया कि हमले से पहले, नागरिकों को होने वाले नुकसान के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाए गए थे।

इनमें सटीक हथियारों का इस्तेमाल, हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी शामिल थी।

इस महीने की शुरूआत में, आईडीएफ ने डेर अल-बलाह पर हमला करके फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) के दो बटालियन कमांडरों को मार गिराने का दावा किया था।

## कनाडा से अमेरिका जा रहे हजारों भारतीय, गैरकानूनी तरीके से एंट्री के लिए दे रहे हजारों डॉलर

**वॉशिंगटनः अमेरिका** में गैरकानूनी तरीके से एंट्री की कोशिश करने वाले भारतीयों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। भारत के बिना दस्तावेज वाले प्रवासी अमेरिका में प्रवेश के लिए कई लोग उत्तरी बॉर्डर का रुख कर रहे हैं। अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर पर कड़ी सुरक्षा से बचने के लिए ये लोग कम गश्त वाली उत्तरी सीमा को चुन रहे हैं। भयावह जंगलों और मुश्किल हालात के बावजूद लोग उत्तरी बॉर्डर को चुन रहे हैं। यहां से सीमा को पार करना जिंदगी को खतरे में डालने जैसा है लेकिन अमेरिका में बेहतर अवसरों की तलाश के लिए लोग तमाम जोखिम उठा रहे हैं।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिका-कनाडा सीमा पर भारतीय प्रवासियों की आमद में तेजी से वृद्धि हुई है। साल 2023 में सीबीपी ने 97,000 बार लोगों के आने पर उन्हें रोकने की रिपोर्ट की है। ये 2021 में 2,200 और 2022 में 30,000 थी। उत्तरी सीमा से एंट्री करने वाले भारतीयों की संख्या दक्षिण से प्रवेश करने वालों से अधिक हो गई है। साल 2023 के पहले छह महीनों में उत्तरी सीमा पर 22,399 टकराव की सूचना मिली, जबकि दक्षिणी सीमा पर 11,053 मामले सामने आए। माइग्रेशन पॉलिसी इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ फेलो मुजफ्फर चिश्ती का कहना है कि कनाडाई सीमा पर क्रॉसिंग में वृद्धि के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की नई प्रवर्तन नीतियां जिम्मेदार हैं।

## बांग्लादेश में लागू होगा सैन्य शासन? सेना को मिली मजिस्ट्रेट की पावर

**ढाकाः बांग्लादेश** में सैन्य शासन की आहट बढ़ती जा रही है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार देश में अराजकता को रोकने में नाकाम हो चुकी है। इस बीच अंतरिम सरकार ने तत्काल प्रभाव से पूरे देश में सेना को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियां दे दी हैं। मंगलवार को बांग्लादेश के लोक प्रशासन मंत्रालय ने इस बारे में गजट अधिसूचना जारी की। इसके अनुसार सेना के अधिकारी अगले 60 दिनों के लिए पूरे बांग्लादेश में जिला मजिस्ट्रेटों की देखरेख में कार्यकारी मजिस्ट्रेट के रूप में काम कर सकेंगे। लोक प्रशासन मंत्रालय से जारी आदेश में कहा गया है कि यह निर्देश 'पूरे बांग्लादेश' में लागू है।

सेना को गोली मारने का अधिकार

बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट डेली स्टार से अंतरिम सरकार एक सलाहकार ने कहा कि मजिस्ट्रेटी शक्ति मिलने के बाद सेना के अधिकारी के पास लोगों को गिरफ्तार करने और उन्हें हिरासत में लेने का अधिकार होगा। आत्मरक्षा या अधिक जरूरत पड़ने पर अधिकारी गोली भी चला सकता है। सरकार में कानून सलाहकार आसिफ नजरुल ने इस फैसले की वजह बताते हुए कहा हम कई जगहों पर विध्वंसक गतिविधियों और स्थिति को बाधित होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने औद्योगित क्षेत्रों पर खासतौर से जोर दिया और कहा कि स्थिति को देखते हुए सेना के जवानों को मजिस्ट्रेट की शक्ति दी गई है।

नजरुल ने आगे कहा कि उन्हें विश्वास है कि सेना के जवान इस अधिकार का दुरुपयोग नहीं करेंगे।

## अगले सप्ताह मोदी से मुलाकात होगी-ट्रम्प

**वाशिंगटन। अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह अगले सप्ताह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

ट्रम्प ने मिशिगन के फ्लिंट में टाउन हॉल मीटिंग में बोलते हुए "वे (मोदी) अगले सप्ताह मुझसे मिलने आ रहे हैं और वे शानदार हैं। मेरा मतलब है कि वे एक शानदार इंसान हैं।"

उन्होंने व्यापार और टैरिफ के बारे में चर्चा करते हुए अमेरिकी आयात पर भारी कर लगाने के लिए भारत को "बड़ा दुर्व्यवहार करने वाला" भी कहा।

उन्होंने आगे कहा "ये लोग सबसे चतुर लोग हैं। आप जानते हैं वे अपने खेल के शीर्ष पर हैं और वे इसका इस्तेमाल हमारे खिलाफ करते हैं। लेकिन भारत बहुत सख्त है। ब्राजील बहुत सख्त है। चीन सबसे सख्त है लेकिन हम टैरिफ के साथ चीन का ख्याल रख रहे थे।"



ट्रम्प ने कहा कि उनके नेतृत्व में अमेरिका पारस्परिक व्यापार का पालन करेगा और दूसरे देश द्वारा लगाए जा रहे समान टैरिफ लगाएगा।

मोदी 21-23 सितंबर तक अमेरिका का दौरा करेंगे। वह 21 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेजबानी में विलमिंगटन, डेलावेयर में आयोजित होने वाले चौथे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

श्री मोदी न्यूयॉर्क में 22 सितंबर को भारतीय समुदाय की एक सभा को संबोधित करेंगे। वह 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अमेरिका स्थित अग्रणी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ भी बातचीत करेंगे तथा भारत-अमेरिका द्विपक्षीय परिदृश्य में सक्रिय विचारकों और अन्य हितधारकों के साथ भी बातचीत करेंगे।

## पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम पर अमेरिका ने फिर दिया झटका, कड़े प्रतिबंधों की दे दी चेतावनी

**अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को समर्थन देने से इनकार करना अमेरिका की पुरानी नीति रही है। अमेरिका की ये नीति आगे भी जारी रहेगी।**



**इस्लामाबादः अमेरिका** ने बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम पर पाकिस्तान को झटका दिया है। अमेरिका ने साफ किया है कि वह घातक हथियारों के विकास और प्रसार के खिलाफ अपना कड़ा रुख बरकरार रखते हुए पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम का समर्थन नहीं करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने बयान में कहा कि हम बीते कई वर्षों से पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के बारे में अपनी चिंता जाहिर कर रह हैं। पाकिस्तान की लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को समर्थन देने से इनकार करना हमारी दीर्घकालिक नीति रही है।

मिलर ने कहा कि पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के खिलाफ अमेरिका अपने प्रतिबंधों का इस्तेमाल करना जारी रखेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित ना हो। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने ये भी माना कि पाकिस्तान के मिसाइल प्रोग्राम पर बारीकी से नजर रखने के बावजूद उनका देश पाकिस्तान को एक करीबी भागीदार मानता है।

पाकिस्तान हमारा साझीदार लेकिन...

मिलर ने कहा, 'पाकिस्तान हमारा दीर्घकालिक साझेदार रहा है लेकिन ऐसे मुद्दे भी हैं, जहां हमारे बीच मतभेद हैं। जब मतभेद होते हैं तो हम अमेरिका के हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करने में संकोच नहीं करते हैं।' अमेरिका ने लगातार पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम का विरोध किया है। हालांकि पाकिस्तान का ये भी आरोप रहा है अमेरिका उसके और भारत के लंबी दूरी के मिसाइल कार्यक्रम को अलग नजर से देखता है। पाकिस्तान और भारत दोनों ही देशों ने परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

अमेरिका ने हाल ही में खतरनाक हथियारों के प्रसार में सहायता के लिए एक चीनी अनुसंधान संस्थान, एक चीनी नागरिक और तीन चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए थे। मिलर ने इस पर कहा कि चीनी संस्थान ने शाहीन 3 और अबाबील मिसाइल प्रणालियों के लिए उपकरण हासिल करने में पाकिस्तान की सहायता की थी। इसके पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने एक चीनी अनुसंधान संस्थान और कई कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए थे, जिनके बारे में कहा गया था कि वे पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम की आपूर्ति में शामिल थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।